वर्ष- 22 अंक - 86 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 08 सितंबर 2026



## स्कूल में 13 साल के बच्चे की हार्ट अटैक से मौत

**मेरठ.एजेंसी।** मेरठ के मवाना स्थित बसंत वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा सात के 13 वर्षीय छात्र कुनाल शर्मा का शव स्कूल के वॉशरूम में मिला। छुट्टी के बाद ई-रिक्शा चालक ने उसे तलाशा तो वह वहां बेहोश पड़ा मिला। स्कूल प्रबंधन और परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक से मौत की आशंका है।

## मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सुरक्षा में सेंध, घर मे घुसा एक शख्स

**जम्मू.एजेंसी।** 21 साल का एक युवक जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के सरकारी आवास में घुस गया। यह आवास जम्मू के वजारत रोड पर स्थित है और यह घटना दिन-दहाड़े हुई। यह घटना जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री की सुरक्षा में एक बड़ी चूक है। घटना के समय उमर अब्दुल्ला दिल्ली में थे। पुलिस ने युवक को पकड़ने के बाद जांच शुरू की और दावा किया कि युवक कोई आतंकी नहीं है। वह नशे का लती है और नशे की हालत में उमर अब्दुल्ला के घर में चला गया था।

# जेल पर एयर स्ट्राइक
## 7 की मौत, 35 कैदी मलबे में दबे

मंगलवार ● एजेंसी



यमन की एक जेल पर हवाई हमला हुआ जिससे जेल का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ। इस हमले में एक बच्चे सहित 7 लोगों की मौत हो गई और 35 कैदी मलबे में दब गए। एक महिला भी मलबे में फंसी हुई है, जो अपने पति से मिलने के लिए जेल पहुंची थी। हूती विद्रोहियों का कहना है कि यह हमला सऊदी अरब ने किया।

**बमबारी में 27 मरे**

उधर इजरायल ने एक बार फिर दक्षिणी लेबनान पर हमला किया है। इस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई है।

## भारत पर एक साथ कई ड्रोन हमले की पाकिस्तान में ट्रेनिंग

**मंगलवार.एजेंसी।** पाकिस्तान के लश्कर-ए-ताइबा और जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठनों ने अब एक साथ दर्जनों ड्रोन उड़ाने और बड़े ड्रोन हमले की साजिश रचनी शुरू कर दी है। पाकिस्तान में कई जगहों पर इन संगठनों से जुड़े आतंकियों को एक साथ दर्जनों ड्रोन चलाने तथा इनके जरिये निगरानी और हमले की दो महीने तक ट्रेनिंग दी गई है। पाकिस्तान में अलग-अलग ठिकानों पर आतंकियों को बड़े ड्रोन हमले के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। तीन सितंबर को बहावलपुर में ड्रोन स्वॉर्म अटैक की दो महीने की ट्रेनिंग पूरी हुई। यह प्रशिक्षण जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को दिया जा रहा था।

# बंगाल में 6 महीने में 60 हजार नाबालिग बनीं मां

**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में नाबालिग लड़कियों की डिलीवरी के आंकड़ों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। जनवरी से जून 2026 के बीच राज्य में करीब 60 हजार अंडरएज डिलीवरी दर्ज हुई हैं। याने कि हर रोज 300 से ज्यादा नाबालिग लड़कियां बच्चों को जन्म दे रही हैं। सबसे ज्यादा मामले मुर्शिदाबाद से सामने आए, जहां 12,847 डिलीवरी दर्ज हुईं। साउथ 24 परगना और पूर्व बर्धमान भी टॉप जिलों में हैं। 15 साल से कम उम्र की लड़कियों के मामले भी सामने आए हैं। अब सरकार घर-घर जाकर नाबालिग शादी और गर्भावस्था की पहचान करने की तैयारी में है। नाबालिग लड़कियों के पति से उम्र के दस्तावेज मांगे जाएंगे और बाल विवाह कराने वालों पर कानून के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**हर रोज 300 से ज्यादा नाबालिग बन रही हैं मां**



## समुद्र किनारे घुड़सवारी करती दिखीं ट्रंप की बेटी, काले घोड़े को दौड़ाया

वॉशिंगटन ● एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी और पूर्व व्हाइट हाउस सलाहकार इवांका ट्रंप एक बार फिर अपने एडवेंचर और नेचर लविंग अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। इवांका ने एक्स पर एक छोटा सा वीडियो शेयर किया, जिसमें वह समुद्र के किनारे घोड़े की सवारी करती नजर आ रही हैं। करीब 10 सेकंड के इस सिनेमैटिक वीडियो में हल्के रंग के राइडिंग कपड़े पहने इवांका काले घोड़े को समुद्र किनारे गीली रेत पर दौड़ाते दिखाई देती हैं। पीछे डूबता हुआ सूरज, समुद्र की लहरें और आसमान में छाए बादल इस वीडियो को बेहद खूबसूरत बना रहे हैं।

## आधी कीमत पर मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**मंगलवार.एजेंसी।** कच्चे तेल के दाम बढ़ने के कारण पेट्रोल-डीजल महंगा होने की अटकलें हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि ईरान से युद्ध खत्म होने और होर्मुज स्टेट पर अमेरिका का कब्जा होने के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम आधे रह जाएंगे। उधर ईरान में पेट्रोल की कीमत बढ़ गई है। अब तय सीमा से ज्यादा पेट्रोल खरीदने वालों को ज्यादा पैसे देने होंगे। नई व्यवस्था के तहत 110 लीटर से ज्यादा पेट्रोल खरीदने पर दोगुनी कीमत चुकानी होगी।

# बिहार में हाहाकार, घरों में भरा 6 फीट पानी





पटना ● एजेंसी

बिहार के नवगछिया के मदरौनी में बाढ़ से कई गांव डूब गए हैं। घरों में 5-6 फीट तक पानी है और लोगों की आवाजाही नाव के सहारे हो रही है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से कोसी के पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है। यहां स्कूल और मंदिर भी डूब गए। बिहार में गंगा, गंडक, पुनपुन, कोसी समेत कई नदियां उफान पर हैं। भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, लखीसराय और पटना समेत कई जिलों में बाढ़ का पानी रिहायशी इलाकों तक पहुंच गया। कहीं सड़कें डूब गई हैं तो कहीं गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया। भागलपुर का सिंहकुंड गांव चारों तरफ पानी से घिरकर टापू बन गया है। खगड़िया में लोग मवेशियों को नाव के सहारे सुरक्षित जगह ले जा रहे हैं। मुंगेर में हजारों परिवार बाढ़ के बीच जिंदगी गुजार रहे हैं।

## सरयू ने मचाई तबाही!

बाराबंकी में लगातार बारिश और सरयू नदी के उफान से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। नदी खतरे के निशान से 47 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जिले की तीन तहसीलों के करीब 60 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। कई गांवों में पानी घरों तक पहुंच गया है, जबकि खेत जलमग्न होने से फसलें प्रभावित हुई हैं।

## मप्र में 31 इंच बारिश

मध्य प्रदेश में अब तक औसत 31.1 इंच बारिश हो चुकी है। यह अब तक की बारिश के कोटे की 83.5प्रश है। भोपाल समेत 12 जिलों में सामान्य से ज्यादा पानी गिर चुका है। इतने ही जिले बेहतर स्थिति में हैं, लेकिन 31 जिलों में अभी भी बारिश का आंकड़ा काफी कम है।

## नेपाल में तलाश जारी

नेपाल में बाढ़ के बाद अभी भी 5 हजार लोग लापता हैं। यहां 7 सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश जारी है। अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू हो चुका है।

# कांग्रेस ने कल की कई बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर उषा नायडू, बाला बच्चन, पंकज उपाध्याय, शोभा ओझा की उपस्थिति में कल दिन भर शहर कांग्रेस में बैठकों का दौर चला। अब कांग्रेस के द्वारा वार्ड स्तर पर घर-घर जाकर युवाओं के पंजीयन का अभियान शुरू किया गया है। कल कांग्रेस के पार्षद, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी और शहर



कांग्रेस कार्यकारिणी की अलग-अलग बैठक का आयोजन किया गया। हुए रजिस्ट्रेशन और की जा रही तैयारी की समीक्षा भी की जा रही है। कांग्रेस के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर वहां से युवाओं का पंजीयन करवाएंगे। संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, शेख अलीम, अमित पटेल, इम्तियाज बेलिम, अनवर दस्तक, रफीक खान, सादिक खान कई कांग्रेस नेता जिनमें पार्षद, वार्ड अध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी मौजूद थे।



## ब्लॉक के तीन वार्डों की बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के ब्लॉक 11 के वार्ड 55, 63, 64 की बैठक अध्यक्ष निलेश सेन शैलू ने आयोजित की। आगामी छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक में प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी उषा नायडू, चिन्टू चौकसे, दानिश खान, राधिका सेन, अंकित पंवार, मोनेश जायसवाल, रवि यादव, दिनेश कुशवाह, सुभाष सिरसिया सहित अन्य मौजूद थे।

## विजयवर्गीय भी पहुंचे उज्जैन दाल-बाफला भंडारा में

### जिंसी के युवाओं ने किया आयोजन



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विधानसभा 1 के जिंसी के युवाओं ने उज्जैन में कल सावन सोमवार की सवारी के दौरान सतत दाल-बाफला भंडारा का आयोजन किया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी अपनी विधानसभा के युवाओं के आयोजन में उज्जैन पहुंचे और उन्होंने भी श्रद्धालुओं को अपने हाथ से दाल-बाफले प्रसादी के रूप में दिए और विजयवर्गीय ने श्रद्धालुओं के साथ बैठकर दाल-बाफला प्रसादी भी ग्रहण की। अजय नामदेव, राहुल शुक्ला, सोनू शर्मा, छोटू मित्तल, अनुज पाल सहित अन्य मौजूद थे।

## छात्र संघ चुनाव जल्द कराने को लेकर ज्ञापन



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर देवेन्द्रसिंह यादव के नेतृत्व में उच्च शिक्षा विभाग के कार्यालय का घेराव कर मंत्री इन्दरसिंह परमार के नाम किरणबाला सलूजा को ज्ञापन दिया गया। जोहर मानपुरवाला, जीतू दीवान, हिमांशु यादव, शेलू सेन, कमलेश पाठक, लवेश यादव, नितिश भारद्वाज, संतोष सोनाने, राजीव शर्मा, कमल किशोर बघेल, दिनेश तंवर, शहजाद हुसैन, अश्विन जोशी, बरकत खान, लतीफ शाह, विकास जोशी, सुरेश वर्मा, अशोक चौधरी, राकेश चौधरी, रोहित चौधरी, महेंद्रसिंह यादव, लक्ष्मण खत्री, रविकांत सैनी, यशपाल गहलोत सहित अन्य मौजूद थे।

## एमआईसी सदस्य ने किया झांकी निर्माण का शुभारंभ



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा निगम गणेशोत्सव समिति के बैनर तले अनंत चतुर्दशी पर झांकी निकाली जाएगी। इसमें अखाड़े भी रहेंगे। झांकी निकालने की परम्परा को जीवित रखने के लिए निगम झांकी निर्माण कार्य का शुभारंभ एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने किया, पूजन अर्चन भी किया। कई निगम के अधिकारी, कर्मचारी और झांकी के जिम्मेदार मौजूद रहे।

## दानिश खान को मिली 5 वार्डो में जिम्मेदारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रदेश कांग्रेस ने विधानसभा 3 यूथ कॉंग्रेस अध्यक्ष दानिश खान को वार्ड 56,57,58,59,60 में मौजूद कॉलेज, स्कूल, लाइब्रेरी में छात्रों के रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी दी गई और वार्ड 61 प्रवेशक जीतू होल्कर को अनुरोध जैन को पांचों वार्ड का प्रभारी नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर कई नेताओं ने बधाई दी।



## जैन संत से लिया आशीर्वाद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेताओं के समूह शोभा ओझा, संजय बाकलीवाल, संतोषसिंह गौतम, आनन्द कासलीवाल ने दलाल बाग पहुंचकर वहां चातुर्मास के लिए विराजित जैन संत सुधा सागर म.सा. से आशीर्वाद लिया। रोजाना सुबह प्रवचन हो रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में जैन समाजजन भी पहुंच रहे हैं।



## केन्द्रीय मंत्री को दिया ज्ञापन

### डॉ. अम्बेडकर जयंती पर शराबबंदी की जाए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आए केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले को डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति ने ज्ञापन सौंपकर मांग की कि महात्मा गाँधी जयंती की तरह डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को भी भारत मे शराबबंदी रख ड्राई डे घोषित किया जाये। मुरलीधर राहुल मेटांगे, दीपक मेश्राम, योगेंद्र गवांदे, भीमराव सरदार, रघुवीर मरमट, पीसी रायपुरे व अन्य साथी मौजूद थे।

## मालव रत्न अलंकरण से नौशाद और बैरवा होंगे सम्मानित

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता-रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में मालवा रत्न अलंकरण का आयोजन कल 9 सितम्बर को शाम 5 बजे बिचौली मर्दाना स्थित विद्यासागर ऑडिटोरियम में होगा।





क्लेरोनेट वादन अब्दुल सलाम नौशाद एवं झांकी कलाकार पप्पू बैरवा को मालवा रत्न अलंकरण से विभूषित किया जाएगा। अतिथि सत्यनारायण पटेल, चिंटू चौकसे, राधेश्याम पटेल सहित अन्य होंगे। मदन परमालिया ने उक्त जानकारी दी।

## छात्र संघ चुनाव की घोषणा नहीं तो होगी भूख हड़ताल

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

मध्यप्रदेश महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से शुरू करवाओ संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस नेता जीतू दीवान ने बताया कि 20 सितम्बर तक अगर प्रदेश के राज्यपाल और उच्च शिक्षा विभाग ने प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्र संघ चुनाव कराने की घोषणा नहीं की तो महात्मा गांधी प्रतिमा रीगल तिराहा पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। प्रावीण्य सूची के आधार पर चुनाव से आगे की लीडरशिप नहीं बनती है, जब सांसद, विधायक, पार्षद के चुनाव लोकतांत्रित तरीके से हो रहे हैं तो महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से क्यों नहीं हो सकते हैं। पिछले सप्ताह राज्यपाल के नाम संभागीय कार्यालय पर चुनाव को लेकर ज्ञापन भी दिया था। एक सप्ताह बाद भी चुनाव को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ है। अब दीवान ने घोषणा की है कि 25 सितम्बर से भूख हड़ताल की जाएगी। मांगे नहीं मानी गई तो निरन्तर चरणबद्ध आन्दोलन होगा और भूख हड़ताल भी जारी रहेगी।

## भाजपा नेता कराएंगे पार्श्व भैरव भक्ति संगीत संध्या

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा नेता और श्वेताम्बर जैन समाज से जुड़े दीपक जैन टीनू ने बताया कि आज से पर्युषण पर्व शुरू हो चुका है और इसी पर्व के अन्तर्गत 11 सितम्बर रात 8 बजे से अभय प्रशाल में पार्श्व भैरव भक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। पिन्टू स्वामी प्रस्तुति देंगे। आने वाले श्रद्धालुओं को रक्षा पोटली का वितरण किया जाएगा एवं दिव्य ज्योत के दर्शन भी करेंगे। आयोजन से दीपक जैन टीनू, प्रकाश जैन, सुनील जैन बबलू, भावेश जैन, दर्शील जैन, विराज जैन, लक्ष्य जैन जुड़े हुए हैं। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप लोटस भी आयोजन से जुड़ा है।

# बड़बोले भाजपा नगर अध्यक्ष को इतिहास का प्रशिक्षण देगी कांग्रेस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा कई बार अपने ही बयानों में फंस चुके है। एक बार फिर वे कांग्रेस पर हमला बोलते हुए खुद ही इतिहास के चंगुल में फंस गए। मिश्रा के बयान के बाद अब कांग्रेस ने उन्हें आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम एक दिन का प्रशिक्षण देंगे।

मिश्रा ने एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए वंदे मातरम को लेकर बात कही। इसके बाद वे पूरे आत्मविश्वास के साथ भारत का गलत इतिहास बताने लग गए। उन्होने सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश का पहला प्रधानमंत्री बता दिया जबकि देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू थे। कांग्रेस के नीलाभ शुक्ला ने तंज कसा और कहा कि भाजपा नेताओं को प्रशिक्षण की जरूरत है, उन्हें देश के राजनीतिक इतिहास की जानकारी देने के लिए एक दिन का प्रशिक्षण शिविर हम लगा देंगे। इधर सोशल मीडिया पर भी भाजपा नेता लगातार ट्रोल हो रहे है। इधर सोशल मीडिया पर सुमित मिश्रा के लिए कहा जा रहा है कि वे गलत इतिहास भी पूरे आत्मविश्वास के साथ बता रहे है। उन्हें जानकारी तक नहीं है कि वे गलत बोल रहे है। कुछ कांग्रेसियों ने कहा कि नेहरू परिवार के नाम से परहेज के कारण भी जानबूझकर पहले प्रधानमंत्री का नाम उन्होने गलत बताया और इतिहास को ही गलत बताने की कोशिश की।

## उपचुनाव की दोनों वार्डों में शुरू कर दी थी दावेदारों ने तैयारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के दो वार्ड 58 और 60 में उपचुनाव का ऐलान किया गया था। इसी माह चुनाव होना थे और कल चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर चुनाव स्थगित कर दिए। दोनों ही वार्डों में खास तौर से कांग्रेस उम्मीदवारों ने तैयारी शुरू कर अपने लोगों से मतदाता सूची खंगालना भी शुरू करवा दी थी। वहीं कुछ दावेदारों ने तो मेल मिलाप भी शुरू कर दिया था। दोनों ही क्षेत्र के एक एक प्रमुख दावेदारों ने अपने यहां कार्यालय भी शुरू कर कम्प्यूटर पर काम भी शुरू करवा दिया था। यहां तक कि समूह के साथ बड़े वोट बैंक पर जाना भी शुरू कर दिया था। वहीं भाजपा के दावेदार इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थे। खास तौर से वार्ड 58 में मतदाता बढ़ने के कारण और वार्ड 60 में पुराने भाजपा दावेदार इस बार जीत को लेकर आश्वस्त थे। अब मतदाता सूची के सत्यापन के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए जाएंगे। अभी तो चुनाव प्रक्रिया निरस्त होने से चुनाव की तैयारी कर चुके प्रत्याशियों के मनसूबों पर फिलहाल पानी फिर गया, जबकि एक दावेदार ने तो चुनाव को लेकर रैली भी निकाल ली थी। बैठक के दौर भी शुरू कर दिए थे। एक वार्ड में तो न्यायालयीन आदेश भी लाने की कोशिश की गई थी। इधर जानकारों का कहना है कि निगम में चुनाव अगले साल जुलाई में होना है। ऐसे में अब विसंगतियों को दूर करने में समय भी लगेगा और कुछ माह के लिए चुनाव होते है या नहीं इस पर भी संशय किया जा रहा है। इधर चुनाव आयोग ने पुलिस रिपोर्ट भी बुलाई थी।

# कांग्रेस की जगह अभी भी तय नहीं और आंकड़ा एक लाख का बताना शुरू किया

### जहां रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं वहां स्पष्ट नहीं दिख रहा है कि कितना हुआ है आंकड़ा

**इंदौर।** छात्रों की गूंज कार्यक्रम का आयोजन 19 सितंबर को किया जाना है। यह आयोजन कहां और कितनी भीड़ के साथ होगा यह अभी तय नहीं है जबकि शहर और जिला कांग्रेस दावा कर रही है कि एक लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। छात्रों की गूंज वेबसाइट पर जहां रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं वहां इंदौर के आयोजन को लेकर स्पष्ट रूप से यह नहीं दिख रहा है कि कितने रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। कई कांग्रेसियों से लेकर भाजपाई भी रजिस्ट्रेशन की संख्या को खंगाल रहे हैं, लेकिन शहर और जिला कांग्रेस न जाने कौन सी वेबसाइट से आंकड़ा खंगाल रही है। पहले ही दिन 30 से 35 हजार और दो दिन बाद 70 हजार और अब एक लाख का आंकड़ा रजिस्ट्रेशन होने का कांग्रेस ने बता दिया। इधर कुछ भाजपाइयों और छात्र नेताओं का कहना है कि कांग्रेस बेवजह गलत आंकड़ा बताकर भ्रमित कर रही है, जबकि वेबसाइट पर ओवरऑल आंकड़ा लाखों में बताया जा रहा है। आज भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने एक लाख रजिस्ट्रेशन का दावा कर शाम को भोलाराम उस्ताद मार्ग पर जश्न का ऐलान किया है। इधर कुछ कांग्रेसियों का कहना है कि अभी तक वरिष्ठ नेता और अन्य छोटे कांग्रेस नेता तक रोड पर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं उतरे हैं। कुछ मीटिंगों के दौर हुए हैं और उसमें ही एक लाख का दावा किया जा रहा है जो सही है या गलत इसकी पुष्टि भी वेबसाइट नहीं कर रही है। कुल मिलाकर इस आयोजन के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को वार्ड स्तर के नेताओं के साथ उतरकर रजिस्ट्रेशन करवाना होंगे। भाराछासं और युवक कांग्रेस के पदाधिकारी भी अभी बड़े रूप में छात्रावास, कॉलेज पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराते दिखे। भाजपाइयों ने तो यहां तक तंज कस दिया कि अगर एक लाख रजिस्ट्रेशन हुए हैं तो उसका डाटा भी उपलब्ध कराना चाहिए। भाजपाइयों ने यह भी तंज कसा कि अभी तो जगह ही तय नहीं हुई कि कांग्रेस छात्रों की गूंज कार्यक्रम कहां करेगी। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने नेहरू स्टेडियम के लिए ना कर दिया है। उसके बाद रविवार को कलेक्टर शिवम वर्मा से रेसीडेंसी पर चुनिंदा कांग्रेसियों ने मुलाकात की और कुछ जगह के लिए कलेक्टर से स्वीकृति मांगी थी। कलेक्टर ने 24 घंटे का समय दिया था। वह समय भी आज दोपहर को 48 घंटे का पूर्ण हो जाएगा। जहां भी कार्यक्रम होना है कांग्रेस को वॉटरप्रूफ पांडाल और राहुल गांधी की सुरक्षा के मुताबिक तैयारी कर कुर्सियां भी लगाना होगी। जिस तरह कांग्रेस एक लाख रजिस्ट्रेशन का दावा अभी तक कर रही है और चिंटू चौकसे ने तो 5 लाख से ऊपर रजिस्ट्रशन का दावा भी कर दिया है तो इतनी ही कुर्सियां भी कांग्रेस को लगाना होगी जो आसान नहीं है। कांग्रेसी ही एक प्रश्न और कर रहे हैं कि जिनके रजिस्ट्रेशन होंगे वे कांग्रेस परिवार के नहीं है, वे कहां रहते हैं, वे कार्यक्रम स्थल तक कैसे आएंगे, उनके आने जाने की व्यवस्था क्या होगी या उनके लिए कांग्रेस अलग अलग चौराहों पर वाहनों की व्यवस्था करेगी क्या इन सबकी स्वीकृति भी कांग्रेस को पुलिस और प्रशासन से इसलिए लेना होगी कि राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए भी नियम कायदे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही उठ रहा है कि कांग्रेस यह बताए कि किस जगह रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा इंदौर आयोजन के लिए दिखाई दे रहा है और किस आधार पर कांग्रेस आज जश्न मना रही है।

## कांग्रेस के कोषाध्यक्ष ने लगाया प्रचार के लिए रिक्शा पर होर्डिंग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 19 सितंबर को छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए इंदौर आ रहे हैं और कांग्रेस लगातार बड़े रजिस्ट्रेशन होने का दावा कर रही है। इधर, कांग्रेस बैठक के दौर भी कर रही है और रजिस्ट्रेशन के लिए जिम्मेदारियां भी दे रही हैं। शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने दावा किया कि उन्होंने शहर के 500 ऑटो रिक्शा पर छात्रों की गूंज कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन के लिए प्रचार होर्डिंग लगाए हैं। प्रचार के लिए बड़ा धन कोषाध्यक्ष ने खर्च किया है।

## कांग्रेस आज मनाएगी एक लाख रजिस्ट्रेशन पर जश्न

**इंदौर।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए जो रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं उनमें रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा एक लाख को पार कर गया। एक लाख के आंकड़ा पार करने पर आज शहर और जिला कांग्रेस शाम 7 बजे जश्न भोलाराम उस्ताद मार्ग भंवरकुआं-विष्णुपुरी क्षेत्र में मनाएगी। आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण भी किया जाएगा और ढोल ढमाके भी बजाए जाएंगे। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में छात्र रहते हैं, कई छात्रावास भी हैं और किराए के मकान में भी बाहर से आए छात्र रहते हैं। कोशिश की जा रही है कि इन छात्रों का समावेश भी इस जश्न में हो।

## पर्युषण पर्व पर बंद रखी जाए मांस दुकान और वध शालाएं

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर कांग्रेस संगठन मंत्री और सामाजिक संसद दिगम्बर जैन समाज से जुड़े संजय बाकलीवाल, आनन्द कासलीवाल ने बयान जारी कर कहा कि आज से 15 सितम्बर तक श्वेताम्बर जैन समाज एवं 16 सितंबर से 25 सितंबर तक दिगम्बर जैन समाज द्वारा पर्युषण पर्व मनाए जाएंगे। इसलिए आज से 25 सितम्बर तक मांस, अंडा और वध शालाएं बंद रखी जाए। नगर निगम आयुक्त से यह मांग की गई है। दोनों कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो निगम आयुक्त को ज्ञापन भी दिया जा सकता है। इस वर्ष चातुर्मास में लगभग 200 जैन साधु, साध्वियां शहर में चातुर्मासरत है और प्रवचन भी हो रहे हैं और शाम को भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं अब खासतौर से पर्युषण पर्व शुरू हो गए हैं, इसमें तप का अपना महत्व है।

## भाजपा नेता यादव का सम्मान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दादू महाराज संस्थान द्वारा महामंडलेश्वर दादू महाराज के सान्निध्य में यादव समाज कोर कमेटी के अध्यक्ष, भाजपा नगर मंत्री गुलशन यादव का नागरिक सम्मान गोपाल मंदिर परिसर के गीता भवन ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, ज्ञानसिंह बघेल, लक्ष्मण भदौरिया, चैनसिंह यादव,जगन्नाथ यादव, एमडी यादव, गौरव यादव, रामकिशोर यादव, वीरसिंग यादव, एसएम यादव, दिनेश यादव, राजेश यादव उपस्थित थे।

# जमानत पर आए बेटे को मिली धमकियां, मां ने जहर खाकर दी जान

### चाचा के मर्डर केस में जमानत पर आया था बाहर, धमकियों से मां को लग गया था सदमा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

देहात क्षेत्र सिमरोल थाना के चोरल गांव में महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली गई। मृतका के बेटे ने परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि परिवार के ही लोग लगातार कोर्ट केस को लेकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे, जिससे आहत होकर उवकी मां ने यह कदम उठाया। बताते है कि ग्राम चोरल निवासी 45 वर्षीय अमरलता पति रतन ने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिनकी अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मामले में मृतका के बड़े बेटे अशोक के मुताबिक, उसके छोटे भाई अभिषेक पर अपने ही चाचा सुरेश की हत्या का आरोप था और वह इस मामले में जेल में बंद था। कुछ समय पूर्व ही अभिषेक न्यायालय से जमानत पर छूटकर बाहर आया था। जमानत पर बाहर आने के बाद से ही मृतक चाचा सुरेश के परिवार वाले रंजिश रखते हुए अभिषेक और उसके परिवार को लगातार डरा-धमका रहे थे। कल अभिषेक हत्या के मामले की पेशी के सिलसिले में महू कोर्ट गया हुआ था। कोर्ट से घर लौटने के बाद उसने अपनी मां अमरलता को पूरी बात बताई कि किस तरह चाचा के परिवार के लोग उसे कोर्ट परिसर और रास्ते में दोबारा अंजाम भुगतने की धमकियां दे रहे हैं। छोटे बेटे को मिल रही लगातार धमकियों और भविष्य की चिंता से मां अमरलता मानसिक तनाव और सदमे में आ गईं। इसी प्रताड़ना और डर से परेशान होकर उन्होंने देर रात घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

## डोर टू डोर कैम्पेन रजिस्ट्रेशन के लिए शुरू

**इंदौर।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम के लिए लगातार बैठक के दौर चल रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से लेकर विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि आज से रजिस्ट्रेशन के लिए छात्रों और युवाओं से बात की जाए और घर घर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन के लिए कैम्पेन अभियान चलाया जाए। पहले से ही शहर कांग्रेस ने हर वार्ड से दो हजार रजिस्ट्रेशन का प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो बाद में बढ़ाया जाएगा।

# लोक अदालत 12 सितंबर को, 105 करोड़ की वसूली का लक्ष्य

## सरकारी विभागों के नाम निगम ने जारी किए नोटिस, बकाया टैक्स चुकाओ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को होने जा रहा है। इस दिन लोक अदालत में हमेशा की तरह नगर निगम बकाया टैक्स को जमा करने पर नागरिकों को छूट दी जाएगी। नगर निगम द्वारा इस लोक अदालत में 105 करोड़ रुपए के टैक्स की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही सरकारी विभागों पर बकाया टैक्स की राशि वसूल करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।**

राष्ट्रीय लोक अदालत का जब भी आयोजन होता है तब नगर निगम द्वारा बकाया टैक्स की राशि जमा करने वाले नागरिकों को ब्याज और जुर्माने में छूट दी जाती है। इस बार भी 12 सितंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत में नगर निगम द्वारा 25 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक ब्याज में छूट दी जाएगी। इसके लिए निगम की ओर से आदेश जारी करने के साथ ही लोक अदालत की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

निगम अधिकारियों ने बताया कि इस बार की लोक अदालत में 105 करोड रुपए का राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों पर बकाया कर राशि की वसूली करने के लिए संबंधित विभाग के नाम पर नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही पिछली लोक अदालत में जिन लोगों द्वारा बकाया टैक्स जमा नहीं कराया गया था उन लोगों के नाम पर भी निगम की ओर से नोटिस जारी हो गए हैं। निगम के राजस्व विभाग द्वारा हर जोनल कार्यालय के लिए इस लोक अदालत में वसूल की जाने वाली राशि का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सरकारी विभागों के अलावा विभिन्न कॉलोनाइजर और मल्टी स्टोरी बिल्डिंग से भी बकाया टैक्स की राशि वसूल करने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। आम नागरिकों द्वारा तो अपनी सुविधा अनुसार लोक अदालत में जाकर अपने बकाया टैक्स की राशि को जमा कर दिया जाता है। जिन नागरिकों पर 1 लाख रुपये या इससे ज्यादा की राशि टैक्स के रूप में बकाया है उन्हें भी नोटिस जारी कर यह कहा जा रहा है कि इस लोक अदालत में वह अपनी बकाया राशि को जमा कर दें।

### 100 करोड़ अब सामान्य बात

इंदौर नगर निगम द्वारा पिछली कुछ लोक अदालत से हर बार 100 करोड रुपए तक की राशि की वसूली करने का लक्ष्य रखा जाता है। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए निगम की टीम द्वारा वसूली भी अच्छी कर ली जाती है। अब तो निगम के लिए 100 करोड रुपए की राशि वसूली का लक्ष्य एक सामान्य बात बन गई है। पहले तो निगम 50 करोड रुपए तक की वसूली करने का ही लक्ष्य रखता था और वह उस लक्ष्य को भी प्राप्त नहीं कर पाता था।

### यादव के कार्यकाल में बना कीर्तिमान

इंदौर नगर निगम आयुक्त के रूप में दिलीप कुमार यादव के कार्यकाल में कीर्तिमान बना था। उस समय पहली बार 100 करोड रुपए राशि की वसूली की गई थी। उसके बाद से ही निगम द्वारा 100 करोड़ की राशि की वसूली को स्थाई लक्ष्य बना लिया गया है। इसमें सरकारी विभाग और निजी क्षेत्र दोनों से मिलकर इस राशि की वसूली करने की कोशिश की जाएगी।

# सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए दो शातिर चोर, 4.5 लाख रुपये के सोने के जेवर बरामद

## महालक्ष्मी नगर की दो बड़ी चोरियों का खुलासा, महंगे शौक के लिए करते थे वारदात

**इंदौर।** लसूडिया थाना क्षेत्र के महालक्ष्मी नगर में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों ने अपने महंगे शौक और लग्जरी लाइफ स्टाइल को पूरा करने के लिए दो अलग-अलग फ्लैटों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के सोने के जेवरात उड़ाए थे। लसूडिया थाना पुलिस की विशेष टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालते हुए आरोपियों का पीछा किया और उनके घर तक पहुंचकर उन्हें धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से करीब 4.5 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, पहली घटना 12 अगस्त को महालक्ष्मी नगर निवासी फरियादिया अंजली पिता गिरिराज पटवारी के फ्लैट पर घटित हुई थी, जहां अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने की चेन-पेंडेंट, सोने की अंगूठी, कपड़े और नकदी चुरा ले गए थे। वहीं दूसरी घटना 20 अगस्त को इसी क्षेत्र में रहने वाली साक्षी पिता अरविंद कुमार तोमर के सूने मकान में हुई, जहां से बदमाशों ने ताला तोड़कर सोने के जेवर व नकद राशि पर हाथ साफ कर दिया था। दोनों ही मामलों में शिकायत दर्ज कर लसूडिया पुलिस ने जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की थी। गठित टीम ने जब दोनों अपराध स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की बारीकी से जांच की, तो दोनों स्थानों पर एक ही हुलिए के दो संदिग्ध व्यक्ति आते-जाते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने फुटेज के आधार पर संदिग्धों के भागने के रूट को ट्रैक करना शुरू किया और पीछा करते-करते एक आरोपी के घर के करीब पहुंच गई। स्थानीय लोगों को फुटेज दिखाने पर मुख्य आरोपी की पहचान साहिल पिता अश्विन सिंह बीष्ट निवासी चर्च कंपाउंड, पीएससी कार्यालय के सामने के रूप में हुई। पुलिस ने दबिश देकर संदेही साहिल बीष्ट को हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की, जिस पर उसने दोनों चोरियों का अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी साहिल ने बताया कि उसने अपने साथी अनुराग उर्फ भय्यू पिता अवधेश दुबे, निवासी पुष्प रतन कॉलोनी, देवगुराड़िया के साथ मिलकर दोनों फ्लैटों के ताले तोड़े थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सह-आरोपी अनुराग को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया करीब 32 ग्राम सोने का मशरूका, जिसकी कुल कीमत लगभग 4.5 लाख रुपये है, ज़ब्त कर लिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पकड़े गए दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपी साहिल बीष्ट के खिलाफ इंदौर के अलग-अलग थानों में चोरी, मारपीट और एनडीपीएस एक्ट के 15 गंभीर अपराध दर्ज हैं, जबकि आरोपी अनुराग दुबे के खिलाफ चोरी, चेन स्नेचिंग और मारपीट के 4 मामले पहले से पंजीबद्ध हैं। लसूडिया पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर शहर में हुई अन्य चोरियों के संबंध में भी गहन पूछताछ कर रही है।

# डिप्टी कलेक्टर के परिवार में हुई दुर्घटना में मौके पर नहीं पहुंचा कोई अधिकारी

## प्रशासनिक स्तर पर असंवेदनशीलता हो गई उजागर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कल शाम को चिमन बाग चौराहे के पास में बारिश के समय पर एक बड़ा पेड़ गिर जाने से डिप्टी कलेक्टर की मां की मौत हो गई और परिवार के सदस्य घायल हो गए। इस घटना में प्रशासन के स्तर पर असंवेदनशीलता उजागर होकर सामने आई है। इतनी बड़ी घटना डिप्टी कलेक्टर के परिवार के साथ होने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। ज़ब भी ऐसी कोई घटना होती है जिसमें की जन हानि हो जाती है तो तत्काल नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं। पीड़ित परिवार की मदद करने की जल्दी से जल्दी कोशिश की जाती है। कल जब बारिश के मौसम के दौरान डिप्टी कलेक्टर पूर्णिमा सिंगी का परिवार हादसे का शिकार हुआ तो स्थिति बदल गई। जिस कार पर पेड़ गिरा उस कार में डिप्टी कलेक्टर की मां और परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। इस घटना में डिप्टी कलेक्टर की मां की मौत हो गई और परिवार के सदस्य घायल हो गए। कार पर पेड़ गिरा हुआ पड़ा था और अंदर लोग फंसे हुए थे। इस घटना को नगर निगम के द्वारा भी गंभीरता से नहीं लिया गया। घटना के काफी देर बाद पेड़ काटकर हटाया गया और फिर कार में से लोगों को निकालने का काम हो सका। क्षेत्र के लोगों ने जरूर क़ार के दरवाजे के कांच फोड़कर उसमें सवार लोगों को बाहर निकालने का काम किया। यह इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी जिला प्रशासन की ओर से एक भी अधिकारी मौके पर नहीं आया। पुलिस का थाने का स्टाफ जरूर मौके पर आया था लेकिन बड़े अधिकारियों ने मौके पर आना उचित नहीं समझा। इस तरह की घटना होने पर हमेशा प्रशासन की ओर से प्रोटोकॉल का काम संभालने वाले एडीएम मौके पर पहुंच जाते हैं। इस बार तो प्रशासन की ओर से एडीएम भी मौके पर नहीं पहुंचे। यह घटना एक डिप्टी कलेक्टर के साथ होने के बाद भी यह स्थिति रही तो ऐसे में यह समझा जा सकता है कि यदि आम आदमी के साथ ऐसी घटना होती तो फिर क्या स्थिति रहती।

# रिटायर्ड बैंक अफसर से ऑनलाइन ठगी, पुराने नोट बदलने के नाम पर 59 हजार रुपये ऐंठे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक रिटायर्ड बैंक अधिकारी के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ऑनलाइन ठगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पुराने नोटों की खरीद-बिक्री का लुभावना ऑफर देकर रिटायर्ड बैंक अफसर को अपने जाल में फंसाया। आरोपियों ने 50 रुपये का पुराना नोट बदलने और उसके बदले लाखों रुपये दिलाने का झांसा देकर कुल 16 अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 59 हजार रुपये से अधिक की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर जूनी इंदौर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन धोखाधड़ी की यह वारदात फरियादी जसबीर सिंह के साथ घटित हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे फेसबुक चला रहे थे, तभी उन्हें पुराने करेंसी नोट बदलने से जुड़ा एक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन में दिए गए संपर्क नंबर पर जब उन्होंने कॉल किया, तो कॉल उठाने वाले व्यक्ति ने बड़े ही शातिर तरीके से उन्हें झांसे में लिया। ठग ने दावा किया कि यदि उनके पास 50 रुपये का सबसे पुराना नोट मौजूद है, तो उसके बदले उन्हें 9 लाख रुपये तक की भारी-भरकम राशि मिल सकती है। आरोपी की बातों में आकर जब फरियादी तैयार हो गए, तो ठग ने वेरिफिकेशन और प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर पहले 1,750 रुपये जमा करवाए। इसके बाद आरोपियों ने झूठ बोला कि उनके खाते में 4 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए गए हैं। हालांकि, जब जसबीर सिंह ने अपने बैंक खाते की जांच की, तो कोई रकम जमा नहीं हुई थी। इसके बाद भी आरोपियों ने झांसा देना जारी रखा और अलग-अलग क्यूआर कोड भेजकर वेरिफिकेशन व अन्य टैक्स के नाम पर 16 बार में कुल 59,000 रुपये से अधिक की राशि अपने खातों में ट्रांसफर करवा ली। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब न तो कोई पुरानी करेंसी लेने पहुंचा और न ही वादे के मुताबिक खाते में पैसे आए, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद वे तुरंत जूनी इंदौर थाने पहुंचे और घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# दो इलाकों में चाकूबाजी, दो घायल

**इंदौर।** रावजी बाजार और द्वारकापुरी थाना क्षेत्रों में मामूली विवाद और रंजिश के चलते चाकूबाजी की वारदातें सामने आई हैं। पहली घटना में गाली-गलौज का विरोध करने पर तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया, वहीं दूसरी घटना में मोहल्ले में कदम न रखने की बात को लेकर तीन आरोपियों ने युवक को चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया।

पहला मामला रावजी बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत मरीमाता का बगीचा स्थित मंदिर के सामने का है। फरियादी कृष्णा राव पिता देवेश राव काले ने पुलिस को बताया कि आरोपी सुमित उर्फ लाला वर्मा, राज उर्फ चुई वर्मा और लक्ष्य वर्मा बेवजह वहां आए और गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जब कृष्णा ने गाली-गलौज का कड़ा विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विवाद के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया और पुट्ठे पर गंभीर वार कर उसे घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश मौके से भाग निकले। रावजी बाजार पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

वहीं दूसरी घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के नाथ मोहल्ला, सत्यदेव नगर में देर रात घटित हुई। सूर्यदेव नगर निवासी फरियादी उदयराव पिता सुनील राव सोनोने के साथ मोहल्ले में आने-जाने की बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी बात से आक्रोशित होकर आरोपी अभिषेक पिता चौधरी, राहुल और काला सभी निवासी दिग्विजय मल्टी ने उदयराव को घेर लिया। आरोपियों ने पहले उसे जमकर गालियां दीं और फिर धारदार चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर लोगों को इकट्ठा होता देख आरोपी मौके से फरार हो गए।

## व्यापारी लाइसेंस झोनल पर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** निगम द्वारा व्यापारियों के लाइसेंस अब मुख्यालय पर नहीं बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यह लाइसेंस अब केवल झोनल कार्यालय पर ही बनाए जाएंगे। रिन्यूअल भी यहीं किए जाएंगे।



।। श्री वासुपूज्य स्वामी ने नमः ।।
।। प्रभु श्री राजेन्द्र धनचन्द्र-भूपेन्द्र-यतीन्द्र-विद्याचन्द्र जयंतसेनसूरि गुरुभ्योः नमः।।
मालवा की इन्द्रपुरी इन्दौर महानगरे
प्रभु श्री राजेन्द्रसूरिश्वरजी महाराजा
के जन्म द्वि-शताब्दी समर्पित
पुण्यसम्राट, युगप्रभावकाचार्य
गुरुदेव श्रीमद् विजय जयन्तसेनसूरिश्वरजी महाराजा
के पट्टधर
प.पू. धर्मदिवाकर, हृदयसम्राट सुविशाल गच्छाधिपति
श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरिश्वरजी म.सा.
आदि श्रमण-श्रमणी वृंद ठाणा-20
प्रतिदिन प्रवचन एवं धर्मसभा
प्रातः 9:15 बजे से
स्थान : केशरी वाटिका, एयरपोर्ट रोड, महावीर बाग के सामने, इन्दौर
विश्वपूज्य गुरुदेव प्रभु श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरिश्वरजी म.सा.
पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेनसूरिश्वरजी म.सा.
सुविशाल गच्छाधिपति जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरिश्वरजी म.सा.
मुनिश्री सिद्धरत्नविजयजी म.सा.
मुनिश्री विद्वत्त रत्न विजयजी म.सा.
मुनिश्री चारित्ररत्नविजयजी म.सा.
मुनिश्री प्रशमसेनविजयजी म.सा.
मुनिश्री अजितसेनविजयजी म.सा.
मुनिश्री तारकरत्नविजयजी म.सा.
मुनिश्री निर्भयरत्नविजयजी म.सा.
मुनिश्री अर्हमसेन विजयजी म.सा.
मुनिश्री अध्यात्मसेन विजयजी म.सा.
साध्वी कैलाशश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-3
साध्वी दिव्यद्रष्टाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-5
पू. श्री विद्वतगुणाश्रीजी म.सा. आदि ठाणा-3
आप सभी स्वधर्मी बंधु सादर आमंत्रित है।
गुरु राज स्पर्श
धर्म लाभ लें, गुरु कृपा प्राप्त करें, जीवन को धन्य बनाए।
इन्दौर की पुण्यधरा पर श्रद्धा, भक्ति और धर्म का ऐसा विराट संगम उमड़ा है, जिसने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है।
श्री सौधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, इन्दौर
मीडिया समन्वयक - राजेश जैन युवा®™
देव, गुरु एवं धर्म की असीम अनुकंपा से हमारे परिवार को तप की अनुमोदना करने का यह पावन एवं स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ है।
निश्चित रूप से यह सौभाग्य हमारे परिवार की दिव्य आत्माओं द्वारा प्रदत्त धार्मिक संस्कारों, जिनशासन एवं गुरु भगवंतों के प्रति समर्पित श्रद्धा-भक्ति तथा राष्ट्रसंत पुण्यसम्राट आचार्य प्रवर श्रीमद् विजय जयंतसेनसूरीश्वरजी महाराज साहब की हमारे परिवार पर रही अनंत कृपा दृष्टि का ही पुण्यफल है। तपस्वियों की साधना एवं आत्मशुद्धि के इस पावन अवसर पर हम हृदय की गहन श्रद्धा एवं भावपूर्वक अनुमोदना करते हैं। तप की यह आराधना आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करे, जीवन में संयम, सदाचार एवं धर्मभाव की ज्योति प्रज्वलित करे तथा साधना के प्रत्येक क्षण में जिनेश्वर परमात्मा एवं गुरु भगवंतों की कृपा छत्रछाया बनी रहे– यही मंगलकामना है। स्नेहाशीष - स्व. सेठ श्री केशरीमलजी जैन एवं स्व. जवरबाई जैन, स्व. किरणबालाजी धूलचंदजी जैन
मासक्षमण तप, सिद्धि तप, गुरुराज स्पर्श तप आराधना
मासक्षमण तप तपस्वी
श्रीमती विशिका अंकित जैन
सिद्धि तप तपस्वी
श्रीमती अमिता महेन्द्र जैन
सिद्धि तप तपस्वी
श्रीमती रानू गौरव जैन
गुरुराज स्पर्श तप तपस्वी
श्रीमती अनिता अशोकजैन
सौजन्य से
केशरीमलजी मोतीलालजी जैन
संघवी परिवार (बागवाला)
नीलकंठ कॉलोनी, इंदौर
फर्म: • केश वस्त्रालय • केश टेक्सटाइल
• नाकोडा कलेक्शन • एम.टी. क्लॉथ मार्केट, इंदौर
9407119292 | 9827330020 | 8878998953
महेन्द्र बागवाला
राजेश-प्रिया जैन युवा®™
रोचक एवं रोमिल जैन
श्री रजत सेल्स कॉर्पोरेशन
रोचक इंडस्ट्रीज
स्मार्ट रोड सोल्यूशन्स
25/4, वाय.एन. रोड, रांका मेन्शन के पास, इंदौर
आशीष - श्वेता जैन
अरिहंत कलेक्शन - रिंगनोद (धार)




# माहेश्वरी महिलाओं ने किया महोत्सव

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी सतरंगी सखी संगठन द्वारा 'कान्हा महोत्सव संग भादौ मेले' का आयोजन गार्डन में किया। कई प्रतियोगी कार्यक्रम भी किए गए। अतिथि शारदा प्रकाश अजमेरा, विनिता मनीष काबरा का स्वागत किया गया। रुचि सोमानी, नेहा भलिका, सुनीता जाखेटिया, पूजा तोतला, सरिता सोडानी, आशा झंवर, अनिता साबू सहित अन्य मौजूद थी।

# आज बछ बारस पर मातृशक्तियों ने किया गाय-बछड़ा पूजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



आज भगवान कृष्ण के साथ गौमाता का पूजन मातृशक्तियों द्वारा किया जा रहा है। आज गाय और बछड़े का पूजन कर गाय को चना और अन्य खाद्य पदार्थ सेवन कराकर संतान के सुखी जीवन के लिए कामना की जा रही है। मातृशक्तियों ने पूजा के बाद भगवान कृष्ण और गाय-बछड़ा से संबंधित कथावार्ताएं भी सुनी। माहेश्वरी समाज की मातृशक्तियां आज कथा और पूजन के बाद अपने बेटे को तिलक भी कर रही है और सत्तू मिठाई भी खिला रही है। अन्य समाज की मातृशक्तियां भी अपने बेटे को तिलक कर बेटे की मंगल कामना भगवान कृष्ण और गौमाता से कर रही है। आज विशेष रूप से गायें कई चौराहों पर लाई गई थी, जहां गाय नहीं पहुंची वहां मातृशक्तियां समीप की गौशाला पहुंची और वहां गौमाता का पूजन बछड़े के साथ किया गया।



# बैंक ऑफ इंडिया ने किया ई-गैलरी का शुभारंभ



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** व्यापारिक क्षेत्र की प्राचीन मुख्य शाखा सांठा बाजार में ई-गैलरी का शुभारंभ कल आंचलिक प्रबंधक गोविंदप्रसाद सारडा ने किया। इस दौरान बैंक ने अपने पुराने ग्राहकों को भी आमंत्रित किया था। बैंक ऑफ इंडिया की ई-गैलरी के माध्यम से ग्राहकों को आधुनिक डिजिटल बैंकिंग सेवाएं अधिक सरल, त्वरित एवं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध होंगी। यह पहल बैंक ऑफ इंडिया की डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने और ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उद्घाटन अवसर पर बैंक अधिकारियों द्वारा ग्राहकों को ई-गैलरी के माध्यम से उपलब्ध डिजिटल बैंकिंग सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर गोविंदप्रसाद सारडा, गणेशचन्द्र सिंह, प्रभुदयाल मीणा, बापू अंगद दलवी एवं बैंककर्मी एवं ग्राहक भी मौजूद रहे।

# मराठा सेना ने की परिचय सम्मेलन के लिए बैठक



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन 3 जनवरी को आईटीआई के पास स्थित महाकाल गार्डन पर आयोजित किया जाएगा। सेना के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रकांत कुंजीर, मिलिंद दीघे और स्वाति मोहिते ने बताया कि नवनिर्माण सेना द्वारा आयोजित इस परिचय सम्मेलन की तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। बैठक का आयोजन कर उसमें कई निर्णय लिए गए, सम्मेलन को पूरी तरह हाईटेक किया जाएगा। स्मारिका का विमोचन भी होगा। चंद्रकांत कुंजीर, मिलिंद दीघे, स्वाति मोहिते, लवली जाधव, प्रियंका गाड़ेकर, संध्या जाधव, हर्षिता भोसले, यशवंत गोरे, प्रमोद गोरे, भाऊ शिंदे, विजय डफाल, रामचंद्र जाधव, राजू काले, मनोज हरगुडे, ऋषिकेश कदम, चंद्रशेखर गोपाले, सुरेश चौहान, अरुण औराडे, शुभम माने मौजूद थे।



# कृष्ण-भक्ति और शिक्षक की बदलती भूमिका पर विमर्श

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सरोकार साझा मंच की बैठक नेहरू पार्क में कृष्ण-भक्ति और शिक्षक की बदलती भूमिका पर विमर्श किया गया। कृष्णा जोशी, डॉ. वन्दना मिश्र 'मोहिनी' डॉ. अर्चना त्रिवेदी, माधुरी निगम, वन्दना शर्मा, आशा मुंशी एवं मृदुला शर्मा, गायत्री शर्मा, अंजू मोटवानी, काजल मजूमदार, डॉ. इंदु जैन, जयश्री शर्मा, करुणा प्रजापति, कृष्णा जोशी, कविता मेहता, समिधा शुक्ला, महिमा शुक्ला, संगीता चौहान, सुरभि शुक्ला ने अपनी भूमिका निभाई।

# दुआएं कर काफिला लौटा तो किया इस्तकबाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ख्वाजा उस्मान वापस इंदौर लौटा तो उनका इस्तकबाल किया। फारुक राइन,



हारुनी कमेटी के अध्यक्ष मास्टर मोहम्मद सलीम लाइक ने बताया कि 120 मुस्लिम समाजजनों का काफिला अजमेर शरीफ के दरबार में दीदार कर जियारत करने और दुआ करने के बाद अनवर दहलवी, सलीम लाइक, मंजूर अहमद, अफरोज आलम मिस्बाही, अयान चिश्ती, नासिर कुरैशी, राजिक दहलवी, मोहम्मद नईम, इमरान दहलवी, मकसूद मंसूरी मौजूद थे।



# मानावत को राष्ट्रीय गौरव सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश मानावत को विनय उजाला द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गौरव सम्मान से उज्जैन में सम्मानित किया गया। अभिनेत्री पदमिनी कोल्हापुरे, सांसद अनिल फिरोजिया, मीडिया कर्मी नंदलाल यादव, उज्जैन निगम सभापति कलावती यादव, डॉ. वीरेन्द्र मिश्रा, रमेशचंद्र राठौर सहित अन्य मौजूद थे।



# शिक्षक सम्मान का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मायनोरिटी स्कूल एसोसिएशन ने शिक्षक सम्मान का आयोजन किया। 40 स्कूलों के 650 शिक्षकों का सम्मान किया गया। अंसार पटेल, डॉ. अनीस, परवेज खान, मुनव्वर, तसलम शेख, काशिफ खान, सिद्दिक खान, इरशाद खान, शाह बानों, सोहेल शेख, रेहान मंसूरी, इसहाक खान, निशाद खान, गजनफर मीर, जहांगीर खान, बिलाल अहमद, मंजूर हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।



# कॉलेज में बनवाए माटी के गणेश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में 'माटी गणेश–सिद्ध गणेश अभियान' के अंतर्गत शासकीय होलकर साइंस महाविद्यालय में विकासखंड स्तरीय गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्षा उपाध्याय, लोकेन्द्र सोलंकी ने मिट्टी के चयन से लेकर प्रतिमा तैयारी, मूर्ति को आकार देने से लेकर स्वरूप प्रदान करने और कलर भरने का प्रशिक्षण दिया। अमित शाह, प्रवेश शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, शिव फूलपगारे, सुनील सराठे. हरिओम दांगी, हरीश सोनी, डॉ. वीरेंद्र व्यास, डॉ. सुनीता गुप्ता आयोजन से जुड़े थे।

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की महिलाओं का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज की महिला समिति ने सभागार में महोत्सव आयोजित किया। इस अवसर पर महिला सम्मान, सत्य, धर्मरक्षा के लिए प्रयास करने का संदेश दिया। रेखा त्रिपाठी, रश्मि तिवारी, डॉ. रजनी पांडेय, रंजीता शुक्ला, पुष्पा दुबे, जागृति दुबे, ज्योति तिवारी, अनिता मिश्र, सुनीता उपाध्याय, संध्या पांडे, करूणा द्विवेदी, विद्या शुक्ला मौजूद थी।



# 10 हजार जैन समाजजन 10 दिनों तक मुनि जैसी दिनचर्या बिताएंगे

## राष्ट्रसंत का मिलेगा सान्निध्य, मोबाइल और गाड़ी-बंगले के वैभव से रहेंगे दूर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

दलाल बाग में चल रहे चातुर्मास के दौरान राष्ट्रसंत सुधासागर म.सा. की निश्रा में 16 से 25 सितंबर तक यहाँ श्रावक संस्कार शिविर का विराट आयोजन होगा जिसमें देश-विदेश के 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल होकर अपना गृहस्थ जीवन त्यागकर मोबाइल एवं गाड़ी-बंगले सहित वैभव से दूरी बनाकर मुनियों की दिनचर्या आत्मसात करेंगे। इन सभी साधकों को शहर के करीब 15 हजार परिवारों का आतिथ्य भी प्राप्त होगा जहाँ वे मुनियों की सादगीपूर्ण वेशभूषा में पहुंचकर भोजन एवं आतिथ्य स्वीकार करेंगे। शहर में यह अपने किस्म का पहला श्रावक संस्कार शिविर हो रहा है जिसकी व्यापक तैयारियां अब अंतिम दौर में पहुँच गई है। इनमें अनेक श्रद्धालु विदेशों से भी आ रहे हैं। मोबाइल, गाड़ी-बंगले और भौतिक सुख, साधनों से दूरी, अनुशासन और संयम का जीवन बिताएंगे। शिविर के 10 दिनों में शिविरार्थी बाहरी दुनिया की चकाचौंध से दूर रहकर राष्ट्रसंत के मार्गदर्शन में अनुशासित जीवन जिएंगे। शिविर परिसर में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि में शिविरार्थी निर्धारित सादगीपूर्ण वेशभूषा में शिविर में ही रहकर संयम, तप, साधना, स्वाध्याय और धार्मिक आराधना करेंगे तथा पर्युषण महापर्व को पूर्ण आध्यात्मिक वातावरण में मनाएंगे। इस दौरान गाड़ी, बंगले और अन्य भौतिक सुख, साधनों से भी इनकी दूरी बनी रहेगी। 10 हजार से अधिक शिविरार्थियों की इस 'लघु साधु सेना' के स्वागत के लिए तैयार है। यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि इंदौर की धार्मिक चेतना, सामूहिक सहभागिता और अतिथि सत्कार की भावना का अद्भुत उदाहरण बनने जा रहा है। शिविर से मनीष-सपना गोधा, नवीन-शिवानी गोधा, हर्ष जैन, प्रिंसिपाल टोंग्या, आकाश-आलोक जैन सहित अन्य जुड़े हुए है।

## युवाओं को धर्म आराधना में लगाए -सिद्धरत्न विजय

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



बिजासन रोड पर चल रहे श्वेताम्बर जैन समाज के चातुर्मास प्रवचन में संत सिद्धरत्न विजय म.सा. ने कहा कि युवाओं को भोग में नहीं बल्कि धर्म आराधना में लगाए। सभी को आत्म चिंतन, संयम, धर्म आराधना करना चाहिए। आत्म कल्याण की दिशा में भी सभी को लगना चाहिए। बाल्यावस्था निष्कपटता और सरलता से भरी होती है, जबकि वृद्धावस्था में इच्छाएं सीमित होने लगती हैं। इसके विपरीत युवावस्था में मनुष्य अहंकार, मोह, राग-द्वेष और सांसारिक आकर्षण में सबसे अधिक उलझता है। इसलिए युवावस्था में सावधान रहने की आवश्यकता है। कल सातवें उपवास का पारणा के लाभार्थी विनोद संघवी, अनिल संघवी, अर्पित संघवी थे। कल 36 श्रद्धालुओं ने पारणा किया, जिसके लाभार्थी सुनंदा बाबूलाल जैन मामा रहे। 100 उग्र तपस्वियों की तपस्या जारी है। निखिल इमलीवाला के 28, कल्पना अजीत नांदेचा के 22, अंगूरबाला अजीत मेहता के 28, वंशिका अंकित बागवाला 22, गौतम जैन 22 उपवास कर रहे हैं। वहीं 44 दिवसीय कठिन सिद्धि तप की आराधना अंतिम नरेन्द्र राठौर कर रही है। आज सुबह पर्युषण महापर्व शुरू हुआ। आज सुबह संत के प्रवचन सुने गए। शाम को प्रभु भक्ति भी होगी। उक्त जानकारी राजेश-प्रिया जैन युवा ने दी।



## मालानी का सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। आरपीएल माहेश्वरी महाविद्यालय में प्रबंधन समिति द्वारा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. नन्दकिशोर मालानी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भरत सारडा, रामअवतार जाजू, कैलाश मूंगड़, लक्ष्मीकांत बंग, प्रकाश कलंत्री, कमलनारायण भुराडिया, वीणा सोनी, लक्ष्मण मुछाल सहित अन्य मौजूद थे।

## जैन समता संघ कराएगा बाहर के छात्रों को पर्युषण में भोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में शहर में तीन प्रमुख स्थानों पर साधु-साध्वी भगवंतों के सानिध्य में नियमित रूप से जिनवाणी की पावन धारा निरंतर प्रवाहित हो रही है। इनमें विंध्याचल नगर अरिहंत जैन स्थानक पर पदम मुनि म.सा., गुमास्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक परिसर पर आदित्य मुनि म.सा. आदिठाणा 3 और यशवंत निवास रोड स्थित समता भवन पर श्रीकांता श्रीजी म.सा. के सानिध्य में धर्मसभाएं हो रही हैं। आज से पर्युषण महापर्व शुरू हो गया है। इन तीनों स्थानों पर बाहर गाँव से पढने आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन सुबह 11 से 12.30 एवं शाम 5 से 6.15 बजे तक एकासन, बियासना, चौविहार करने वालों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। पारस बोहरा, मनीष बोहरा ने उक्त जानकारी दी। विंध्यांचल नगर में तेजकुमार तांतेड, दीपक सुराना गुमास्ता नगर में अनिल डूंगरवाल, मनीष भटेवरा तथा समता भवन ललित दुग्गड़, पारस जैन भोजन व्यवस्था देखेंगे।

## श्वेताम्बर जैन समाज का पर्युषण पर्व शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



श्वेताम्बर जैन समाज के पर्युषण महापर्व की शुरूआत आज से हो गई। पर्युषण 15सितम्बर तक चलेंगे। मंदिरों में सुबह और शाम आयोजन होंगे। साधु-साध्वी और संतों का इस पर्युषण पर्व पर आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी मिलेगा। कल्पसूत्र का वाचन भी होगा, भगवान की अंगरचना भी की जाएगी। बिजासन रोड पर नित्यसेन सुरिश्वर म.सा., साध्वी महासती डॉ. कुमुदलता श्रीजी म.सा. एवं अन्य स्थानों पर भी चातुर्मास के लिए संत मौजूद है। इन पर्युषण के आठवे दिन संत प्रवचन देंगे और कल्पसूत्र की व्याख्या भी करेंगे। 12 सितम्बर को भगवान महावीर स्वामी जन्मवाचन सभी मंदिरों में होगा। 15 सितम्बर को संवत्सरी महापर्व होगा, जिसमे समाजजन अपनी अपनी धार्मिक क्रियाए, पौषध प्रतिक्रमण कर क्षमापना करेंगे। इस दौरान उपवास, आम्बिल, एकासने भी किए जाएंगे, सुबह शाम प्रतिक्रमण पूजा भी होगी। जैन मंदिरों को विद्युत सज्जा से सजाया जाएगा।

## मुनिसुव्रत स्वामी जैन मंदिर पर अनुष्ठान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एलआईजी लिंक रोड स्थित अनुराग नगर में साध्वी भव्यप्रभाश्रीजी म.सा. आदिठाणा 4 की निश्रा में पर्युषण पर्व आज सुबह प्रारम्भ किया गया। 15 सितम्बर तक प्रतिदिन तप, तपस्या, प्रवचन, प्रतिक्रमण, पौषध, देरासर पूजा विधि, शक्रोस्तव पक्षाल एवं श्रावक-श्राविकाओं के लिए विधि-विधान से विभिन्न क्रियाएँ आयोजित होगी। हेमंत डोसी, अशोक शाह, कल्पक गाँधी एवं कैलाशचंद कटारिया ने उक्त जानकारी दी।

## साध्वी कुमुदलता म.सा. के प्रवचन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



संकल्पमय चातुर्मास के अंतर्गत आज पर्युषण पर्व पर साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि पर्युषण केवल जैन समाज का पर्व नहीं, बल्कि यह पूरे हिंदुस्तान की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा पर्व है। यह पर्व मनुष्य को बाहरी आडंबरों से दूर होकर अपने भीतर झांकने, आत्मचिंतन करने और जीवन को शुद्ध बनाने की प्रेरणा देता है। साध्वीजी ने बताया कि पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि, संयम, तप, त्याग और क्षमाका पर्व है। इन दिनों श्रद्धालु उपवास, एकासना, आयंबिल, सामायिक, प्रतिक्रमण और स्वाध्याय जैसी आराधनाओं के माध्यम से आत्मकल्याण की साधना करते हैं। अंतगढ़ सूत्र का वाचन किया गया। प्रकाश भटेवरा, अचल चौधरी, रमेश भण्डारी, डीपीन जैन, हेमन्त बोहरा, राजकुमार जैन सहित अन्य मौजूद थे।

## पोरवाल समाज का परिचय सम्मेलन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विवाह संगम समग्र पोर्टल समाज' के बैनर तले दस्तूर गार्डन पर पोरवाल समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में प्रत्याशी और अभिभावक मौजूद रहे। जगदीश गुप्ता, सुनील गुप्ता, रामदयाल फरकिया, राजेश सेठिया, प्रमोद फरक्या, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, विशाल पोरवाल, गोविंद गुप्ता, अंकित गुप्ता मौजूद रहे।





## रोटरी क्लब ने किया सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर ग्रेटर के तत्वावधान में विशिष्ट सेवा देने हेतु शिक्षिकाओं एवं अभियंताओं का सम्मान किया गया। अरुणा गोखले, वैशाली भुजंग, रजनी भारतीय, वंदना दुबे, अल्पना दवे, वैशाली भाले, संध्या चराहटे, भावना जायसवाल का सम्मान किया गया साथ ही विशिष्ट सेवा हेतु अभियंताओं पी.के. माथुर, शरद मेहंदेले, महेंद्र खरे, दीपक एस शाह, विजय चराहटे, यूसुफ अली जालीवाला, दीपक लेले, विशाल भाले का सम्मान किया गया। मुकेश भाटी, रिंकेश पोरवाल, बी.के. खंडेलवाल, डीएम पाठक, दीपक शर्मा ने सम्मान किया।

## जोशी हुए सम्मानित

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दृष्टिहीन कल्याण संघ ने पत्रकार प्रवीण जोशी, जनक पलटा, डॉ. अनिल भंडारी, कैलाश शर्मा, आधारसिंह चौहान का सम्मान किया गया। संजय मेहता, श्रीमती संजीवनी डोभाल, अशोक टेमले, वसुधा खरगोनकर, श्याम श्रीवास्तव, श्रीपाद काले, रुपिंदर कौर, वीनस वाणी, मनोज मेहता रश्मि शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित थे।



# घाटाबिल्लोद स्कूल में पूरी हुई 1 करोड़ की परियोजना





धार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर राउंड टेबल 242 ने राउंड टेबल इंडिया के 'फ्रीडम थ्रू एजुकेशन' अभियान के तहत घाटाबिल्लोद के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करीब एक करोड़ रुपए की परियोजना पूरी की। परियोजना के तहत स्कूल में आठ नए कक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ दो नए बाथरूम ब्लॉक भी बनाए गए हैं। इनमें कुल आठ शौचालय हैं। इससे विद्यार्थियों को स्वच्छ और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकेंगी। परियोजना के लिए हर्षित गर्ग, कैलाश गर्ग, गिरीश गर्ग, विमल तोड़ी, राहुल भंडारी, ने सहयोग किया। 50 छात्राओं को स्कूल बैग दिए गए, 172 नई बेंच भी दी गई।

# निगम अधिकारी और नायब तहसीलदार का वेतन काटने के निर्देश

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। कलेक्टर शिवम वर्मा ने शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के उद्देश्य से टाइम लिमिट बैठक आयोजित की। वर्मा ने सख्त लहजे में कहा कि जो भी अधिकारी-कर्मचारी लापरवाही करेगा उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुराने प्रकरण की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने निराकरण में विलंब करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई भी की। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, नागरिक सेवाओं तथा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की गई। वर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का डिस्पोजल निर्धारित समय-सीमा में होना चाहिए। समीक्षा के दौरान ऐसी शिकायतों को चिन्हित किया जाए, जिनमें अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही सामने आ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदन या शिकायत के निराकरण में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जवाबदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिकायत के निराकरण में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी सहायक ग्रेड-3 संजय पांडे को निलंबित करने और एनआरवाय शाखा के सी.एस. निगम का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र उपाध्याय का तीन दिन का और सांवेर के नायब तहसीलदार सी.एल. टांक का पांच दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए। वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बड़े भवनों, व्यावसायिक परिसरों एवं अन्य संवेदनशील संस्थानों में अग्नि सुरक्षा मानकों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

**लिपिकों को किया सस्पेंड, क़लेक्टर ने की टीएल बैठक**

# सांची दूध समितियों में मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दूध उत्पादक किसानों की लगातार बढ़ती समस्याओं और दूध के उचित मूल्य की मांग को लेकर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के नेतृत्व में किसान अब चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेंगे। संगठन के बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल, चंदन सिंह बड़वाया प्रवीण ठाकुर एवं सुभाष राठौड़ ने बताया कि 10 सितंबर से गांव-गांव जाकर सांची दूध समितियों में किसानों को साथ में लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। किसानों का कहना है कि पशुपालन की लागत लगातार बढ़ रही है। पशु आहार, खली, भूसा, चारा, दवाईयां, बिजली और मजदूरी महंगी होने के बावजूद किसानों को दूध का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। इससे दूध उत्पादक किसानों पर आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है। किसानों की प्रमुख मांगें हैं कि सांची दुग्ध संघ द्वारा खरीदे जाने वाले दूध का मूल्य बढ़ाकर 12रु प्रति फैट किया जाए, पिछले वर्षों का लंबित बोनस तत्काल किसानों के खातों में जमा किया जाए तथा इसकी निश्चित समय-सीमा घोषित की जाए। साथ ही शासन द्वारा घोषित 5रु प्रति लीटर बोनस/प्रोत्साहन राशि का तत्काल भुगतान किया जाए और पशु आहार एवं चारे की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करते हुए पशुपालकों को राहत दी जाए। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो गांव-गांव से शुरू होने वाला यह अभियान जिला एवं प्रदेश स्तर के बड़े किसान आंदोलन का रूप लेगा। किसान लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन एवं अन्य आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे। क्त पूर्ण जानकारी बबलू जाधव ने दी।

**दूध उत्पादक किसानों की मांगों को लेकर 10 सितंबर से शुरू होगी प्रक्रिया**



# राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान समारोह होगा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय लता मंगेशकर अलंकरण सम्मान समारोह एवं गीत संध्या का दो दिवसीय आयोजन 27-28 सितम्बर को इंदौर में होगा। मुख्य समारोह 28 सितम्बर को होगा। बैठक को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। लता मंगेशकर के जीवनवृत पर केन्द्रित दुर्लभ चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। 27 सितम्बर को सुगम संगीत प्रतियोगिता में उभरती प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। इसी दिन संगीत कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। सम्भागायुक्त लाक्षाकार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लता मंगेशकर ऑडिटोरियम पर पर्याप्त पार्किंग की विशेष व्यवस्था, प्रकाश, जनरेटर, शुद्ध पेयजल एवं बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छता, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड सुनिश्चित की जाए। अधिकारी नवजीवन विजय पवार, एन.पी. नामदेव, श्रीराम तिवारी, शैली कनास, संतोष कुमार कौल, एन.पी. नामदेव,डॉ. माधव प्रसाद हासानी, अनीता चौहान, डॉ. प्रकाश कडोतिया,पीएस कुशवाह, कपिल भल्ला उपस्थित थे।

**दो दिनों तक चलेगा आयोजन,गीत संध्या का कार्यक्रम भी**

# बगीचों का होगा नवीनीकरण



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा एक के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 से जुड़ी कॉलोनी सांई गंगोत्री नगर और रामचंद्र नगर के बगीचों में सौंदर्यकरण और नवीनीकरण के कार्यों शुरू करने के लिए यहां 70 लाख रुपये से ज्यादा खर्चकर आवश्यक सजाने-संवारने को लेकर तमाम सिविल कार्यों का श्री गणेश करने से पहले निगम द्वारा यहां के काम के लिए बकायदा निविदा भी जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत यहां निगम द्वारा आने वाले दिनों में बेहद जल्द निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद काम शुरू करने की तैयारी है। जिसके तहत दोनों कॉलोनी के प्रमुख बगीचों में लंबे समय के बाद क्षेत्र के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर सौंदर्यकरण और नवीनीकरण के अंतर्गत कई विकास कार्य किए जाएंगे। जिसमें बगीचों में शानदार बैठक व्यवस्था के साथ रोशनी के लिए आकर्षक लाइटिंग लगाने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। ग्रीनरी और हरियाली के लिए एक से बढ़कर एक पेड़ पौधे लगाए जाएंगे। क्षेत्र के रहवासियों के सुबह शाम घूमने के लिए यहां दोनों बगीचों में लम्बा-चौड़ा वाकिंग ट्रैक का निर्माण भी नई तकनीक के साथ किया जाएगा ताकि लोगों को सुविधा हो।

# सड़क निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

## जगन्नाथ धर्मशाला के सामने से चौराहे तक खुदाईकर तेजी से हो रहा काम



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। अग्रसेन चौराहे से मधु मिलन तक मास्टर प्लान की बन रही फीडर रोड सड़क निर्माण कार्य ने अब पहले से दुगनी रफ्तार पकड़ ली है। जिसके तहत अब तेजी के साथ तीसरे चरण का काम भी शुरू हो गया है। तीसरे चरण में निगम ने जगन्नाथ धर्मशाला के सामने से लेकर छावनी चौराहा तक के बड़े हिस्से में खुदाई कर लाइन डालने और सड़क निर्माण के साथ चौड़ीकरण कार्य में तेजी लाकर काम की शुरुआत भी कर दी है। जबकि इससे पहले मधुमिलन से दवा बाजार के सामने तक के बड़े हिस्से में खुदाई कर लाइन डालने का काम तेजी के साथ चल रहा है। यही नहीं दिन - रात निर्माण कार्य चलने से यहां काम नजर भी आ रहा है। जबकि अन्य जगह से लगातार शिकायत सामने आ रही है कि मास्टर प्लान की सड़कों का काम धीमी रफ्तार से चल रहा है, लेकिन यहां के लोग काम की स्पीड से संतुष्ट है।

वहीं मास्टर प्लान की छावनी जगन्नाथ सेतु पुल से दवा बाजार तक बन रही फीडर रोड़ सड़क निर्माण कार्य के लिए सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि हमारा प्रयास है कि अगले माह दशहरे तक हर हाल में जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए ताकि क्षेत्र के रहवासी परिवार और व्यापारी बंधुओं को भी कम परेशानी हो। जिसको लेकर इन दिनों रात-दिन दुगनी तेजी के साथ निर्माण कार्य चल रहा है।

गौरतलब है कि वर्तमान में दवा बाजार से आगे दो नंबर स्कूल मैदान से श्रद्धानंद मार्ग लक्ष्मीनारायण दूध वाले के सामने तक और यहां से मथुरावाला मिठाई वाले की बिल्डिंग तक सीमेंटेड सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जबकि दूसरी तरफ तीसरे चरण में छावनी चौक से लेकर जगन्नाथ धर्मशाला के सामने तक खुदाईकर लाइन डालने का काम भी अब शुरू कर दिया है। यही नहीं सड़क निर्माण कार्य के चलते इन दिनों अग्रसेन चौराहा से छावनी आने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं छावनी मंडी जाने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है।

# मारुति पैलेस कॉलोनी मेनरोड के साथ गलियों की भी बनेंगी नई सड़कें

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। विधानसभा एक के अंतर्गत मारुति पैलेस कॉलोनी मैंनरोड से लेकर भीतर की कई गलियों तक में अब जल्द नई सीमेंटेड सड़कें बनकर तैयार होगी। जिसको लेकर निविदा जारी होते ही निगम ने सड़क निर्माण की टेंडर संबंधित तमाम प्रोसेस और प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत यहां निगम मारुति पैलेस कॉलोनी क्षेत्र की शेष बची ऊबड़ - खाबड़ सड़क की बजाय अब नई सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य शुरू कर लोगों को गड्ढे दार सड़क से राहत दिलाकर एक जैसी सीमेंटेड सड़क की सौगात दिलाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं सड़क प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के द्वारा बताया जा रहा है कि मारुति पैलेस मुख्य मार्ग से लेकर भीतर की गलियों में भी लंबे समय के बाद अब जाकर खुदाई कर नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य शुरू करने की तैयारी है। जिससे इस क्षेत्र में लोगों की सालों पुरानी आधी-अधूरी सड़क के बजाय नई पहले से ज्यादा चौड़ाई में मजबूत सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रयासों से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार प्रयासों के बाद अब मारुति पैलेस कालोनी की मुख्य सड़क का काम जल्द पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही आसपास की गलियों की सड़कें बनने से सभी हो बड़ी राहत मिलने वाली है।

## संपादकीय

# न्यायाधीशों की नियुक्ति पर केंद्र-राज्य टकराव, आखिर प्रक्रिया में कहां है पेच?

केंद्र सरकार ने पंजाब तथा हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में अश्वनी कुमार मिश्रा का नाम अधिसूचित किया था। मगर पंजाब सरकार ने यह आरोप लगाया कि केंद्र ने यह कदम राज्य सरकार की राय का इंतजार किए बिना संवैधानिक नियमों तथा तय प्रक्रियाओं को दरकिनार करके उठाया। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों के बीच अलग-अलग मसलों पर खींचतान एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। असहमति और आलोचना लोकतंत्र की बुनियाद को और ज्यादा मजबूत ही करती है। मगर सभी पक्षों की यह कोशिश होनी चाहिए कि इस द्वंद्व की छाया कम से कम न्यायपालिका पर नहीं पड़े। विडंबना यह है कि कई बार न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर भी ऐसे टकराव सामने आते हैं, जिससे किसी खास मामले में इससे संबंधित पूरी प्रक्रिया कठघरे में खड़ी होती है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पंजाब तथा हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में अश्वनी कुमार मिश्रा का नाम अधिसूचित किया था। मगर पंजाब सरकार ने यह आरोप लगाया कि केंद्र ने यह कदम राज्य सरकार की राय का इंतजार किए बिना संवैधानिक नियमों तथा तय प्रक्रियाओं को दरकिनार करके उठाया। इस मसले पर अब केंद्र और पंजाब सरकार आमने-सामने हैं। टकराव की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि रविवार को पंजाब मंत्रिमंडल ने इस नियुक्ति को अधिसूचित करने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया। जाहिर है, इस मसले पर अब यह विवाद खड़ा हो गया है कि क्या इसमें प्रक्रिया संबंधी कोई अनदेखी हुई है। हालांकि केंद्र का यह कहना है कि राज्य सरकार की राय लेना जरूरी है, लेकिन वह बाध्यकारी नहीं है। इसके बाद पंजाब सरकार के विरोध को दरकिनार करते हुए न्यायाधीश अश्वनी कुमार मिश्रा को उनके नए पद पर शपथ दिला दी गई, मगर एक बार फिर न्यायाधीशों की नियुक्ति में केंद्र और राज्य की शक्तियों को लेकर जिस तरह के सवाल खड़े हुए हैं, उन पर स्पष्टता की जरूरत है। आखिर क्या वजह है कि जहां किसी मामले में केंद्र और राज्य की सहभागिता एक लोकतांत्रिक तकाजा है, वहां कई बार खासतौर पर उन राज्यों की सरकारें खुद को उपेक्षित महसूस करती हैं, जहां विपक्षी दल सत्ता में होते हैं। न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में अगर राज्य की कोई भूमिका है, तो उसे महत्त्व देना लोकतंत्र को मजबूती ही देगा। यों भी, इस संबंध में कोई फैसला करते हुए क्या यह ध्यान रखने की जरूरत नहीं है कि किसी राज्य की ओर से संवैधानिक अधिकारों को दबाने का आरोप न लगे या कोई अप्रिय विवाद न खड़ा हो!

### ओंकारेश्वर से लौटे पति का तांडव

# पत्नी के अलग सोने की बात कहने पर पीटा, सास ने भी घसीटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में पारिवारिक हिंसा का मामला सामने आया है। धार्मिक स्थल ओंकारेश्वर से लौटकर आए पति ने केवल इतनी सी बात पर पत्नी पर हमला कर दिया कि उसने अलग सोने के लिए कह दिया था।

विवाद के दौरान आरोपी पति ने महिला के पेट में लातें मारीं और हाथ पर नुकीली वस्तु से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। हद तो तब हो गई जब चिल्लाने की आवाज सुनकर आई सास ने भी बहू को बचाने के बजाय उसके बाल पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और मारपीट की। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति और सास दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी पूनम पति धीरज राणा, निवासी शिवाजी नगर ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि घटना के समय वह अपने घर पर सो रही थी। उसका पति धीरज राणा ओंकारेश्वर गया हुआ था। ओंकारेश्वर से वापस लौटने के बाद धीरज उसके पास आकर सोने लगा, जिस पर पूनम ने उससे कहा कि वह अलग जाकर सो जाए। इतनी सी बात से आक्रोशित होकर धीरज गालियां देने लगा। जब पीड़िता ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी पति ने हाथ-घूंसे से उसकी बेदर्दी से पिटाई शुरू कर दी। आरोपी ने अपनी पत्नी के पेट में लगातार लातें मारीं और पास में रखी किसी नुकीली वस्तु से उसके दाहिने हाथ पर वार कर दिया, जिससे गहरा घाव हो गया और तेजी से खून बहने लगा। अचानक हुए इस हमले और असहनीय दर्द से जब पूनम चिल्लाई, तो उसकी सास ललिता राणा भी कमरे में आ गई। हालांकि, मदद करने के बजाय सास कहने लगी कि फालतू क्यों चिल्ला रही है और उसने पूनम के बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया। घटना के बाद पीड़िता जैसे-तैसे थाने पहुंची और आपबीती सुनाई।

### चाबी मांगने पर विवाद

# तीन महिलाओं ने बुजुर्ग महिला को घेरा, मारा थप्पड़

**इंदौर।** विजय नगर थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर महिलाओं के बीच विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। मकान के गेट की चाबी मांगने की बात पर तीन महिलाओं ने मिलकर एक महिला को घेर लिया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान जब आसपास की महिलाएं बचाव के लिए पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी हाथापाई और धक्का-मुक्की की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों महिला आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विजय नगर पुलिस के अनुसार, फरियादी जिनि बेबी पति शीबू बेबी (51)निवासी दक्ष पारिजात, स्कीम नंबर 54 ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी सरिता उनके मकान के गेट की चाबी लेकर अंदर चली गई थी। जब जिनि बेबी सरिता के पीछे-पीछे अंदर गईं और उनसे अपने गेट की चाबी वापस मांगी, तो सरिता ने साफ इंकार कर दिया और बहस करने लगी। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और सरिता के साथ उसकी साथी खुशी और शांताबाई भी वहां आ गईं। तीनों महिलाओं ने फरियादी जिनि बेबी को घेर लिया और गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी सरिता ने आवेश में आकर उनके चेहरे पर जोर से एक थप्पड़ मार दिया और जबरन चाबी फेंक दी। शारीरिक हमले और मौके पर हुई चिल्ला-चोट की आवाज सुनकर आसपास रहने वाली नाजिया मंसूरी, निधि पंकज और हीना पांचाल तुरंत बीच-बचाव करने पहुंचीं। हालांकि, आरोपियों ने विवाद शांत करने के बजाय बचाव में आई महिलाओं के साथ भी जमकर धक्का-मुक्की की। घटना के बाद पीड़िता विजय नगर थाने पहुंची और आपबीती बताई। पुलिस ने फरियादी जिनि बेबी की रिपोर्ट पर आरोपी सरिता, खुशी और शांताबाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हाई सिक्योरिटी फोरेंसिक लैब पर चोरों का धावा

### लेपटॉप चोरी कर भाग निकले

**इंदौर।** किशनगंज थाना क्षेत्र में झुमर घाट स्थित अति-संवेदनशील और हाई-सिक्योरिटी वाली क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (फोरेंसिक लैब) में चोरी की वारदात सामने आई है। जिस लैब में गंभीर अपराधों के साक्ष्यों और सबूतों की वैज्ञानिक जांच की जाती है, उसी के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश अंदर दाखिल हो गए। शातिर चोर लैब के रसायन कक्ष में रखे दो महंगे लैपटॉप समेटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चोरी की यह घटना 3 सितंबर की शाम 6 बजे से 7 सितंबर की सुबह 10 बजे के बीच की बताई जा रही है। लैब खुलने पर जब कर्मचारियों ने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा, तो उनके होश उड़ गए। मामले में फरियादी इंद्रपाल सिंह ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरियादी ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर सरकारी लैब के मेन गेट का ताला चटकाया और सीधे रसायन कक्ष में प्रवेश किया। वहां रखा एक पुराना सरकारी लैपटॉप तथा फरियादी का पर्सनल लैपटॉप, बैग, चार्जर और माउस गायब था। चोरी गए दोनों लैपटॉप की कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है। अति-सुरक्षित मानी जाने वाली फोरेंसिक लैब में सेंधमारी की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। किशनगंज थाना पुलिस की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अब प्रयोगशाला परिसर और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की आवाजाही का सुराग लगाकर आरोपियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

# बाइक में निकला सांप...मचा हड़कम्प



**इंदौर।** बारिश के मौसम में सांप के शहर में नजर आने की घटनाएं लगातार सामने आ रही है। कल कुलकर्णी नगर में खड़ी बाइक क्रमांक एमपी-40 एमके 6570 में सांप नजर आया तो हड़कम्प मच गया। बाइक के आसपास भीड जमा हो गई। सांप बाइक से आधा बाहर निकला और फन फैलाया तो लोगों ने वीडियो बनाया, इसके बाद सांप पकड़ने के लिए सर्प मित्र संदीप ठाकुर ने आकर सांप को पकड़ा और जंगल में छोड़ा।

# मायके से 5 लाख रुपए न लाने पर नवविवाहिता को घर से निकाला

**इंदौर।** सिमरोल थाना क्षेत्र में नवविवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मायके से 5 लाख रुपये न लाने पर घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और बड़ी सास के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, तोड़ा सांवेर निवासी और हाल मुकाम ग्राम दतौदा निवासी पायल पति हर्षित परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शादी के बाद से ही उसका पति हर्षित परमार आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। बाद में उसका ससुर लखन परमार, सास मायाबाई और बड़ी सास सुनीता परमार भी दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने पीड़िता से मायके से 5 लाख रुपये लाने की मांग की। रुपये का इंतजाम न होने और मना करने पर आरोपियों ने उसे यह धमकी देकर घर से निकाल दिया कि बिना रुपये लिए वापस मत आना। पीड़िता परेशान होकर अपने मायके दतौदा आ गई और परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सिमरोल थाना पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर पति हर्षित, ससुर लखन, सास मायाबाई और बड़ी सास सुनीता के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 149500 | 153900 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 236100 | 241200 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# राजीनामा से मना किया तो युवक पर बेल्ट-घूंसों से हमला

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र के मालवा मिल चौराहे के पास पुराने विवाद में राजीनामा करने का दबाव बनाने और मना करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। दो बदमाशों ने एक युवक को रोककर पुराने केस में समझौते की बात कही। जब पीड़ित ने राजीनामा करने से साफ इंकार कर दिया, तो बदमाशों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। इस दौरान एक आरोपी ने अपनी कमर से बेल्ट निकालकर युवक के सिर पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी मधुर पिता सुरेंद्र भामी निवासी गौटी की चाल, परदेशीपुरा ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह मालवा मिल चौराहे के पास से गुजर रहा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपी संजू रील निवासी अमर टेकरी, विकास नगर और उसका साथी सागर मराठा वहां आ धमके। दोनों आरोपियों ने मधुर को रोक लिया और पुराने झगड़े को लेकर राजीनामा करने की बात कहने लगे। जब फरियादी मधुर ने राजीनामा करने से मना कर दिया, तो दोनों आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे। फरियादी द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ हाथ-घूंसे से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी सागर मराठा ने अपनी कमर से चमड़े का बेल्ट निकाला और मधुर के सिर पर जोर से वार कर दिया। बेल्ट लगते ही सिर में गहरा घाव हो गया और खून बहने लगा, जिससे मधुर सड़क पर गिर पड़ा। युवक के नीचे गिरते ही आरोपी संजू रील ने भी उस पर लात-घूंसे बरसाना जारी रखा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# सामान्य जीवन जीने में मदद करती है फिजियोथेरेपी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. पायल हरगांवकर ने बताया कि फिजियोथेरेपी केवल शरीर के दर्द को दूर करने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल की बीमारी और स्ट्रोक के बाद मरीज को दोबारा सामान्य जीवन में लाने में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

हृदय रोग और स्ट्रोक आज बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रहे हैं। समय पर इलाज के साथ सही व्यायाम और नियमित शारीरिक गतिविधि मरीज की सेहत सुधारने में काफी मददगार हो सकती है। फिजियोथेरेपिस्ट मरीज की स्थिति को देखकर उसके लिए आसान और सुरक्षित व्यायाम तय करते



हैं, जिससे शरीर की ताकत बढ़ाने, चलने-फिरने में सुधार करने, संतुलन बनाए रखने और रोजमर्रा के काम खुद करने में मदद मिलती है। स्ट्रोक के बाद कई मरीजों के हाथ-पैर में कमजोरी आ जाती है, उन्हें चलने में परेशानी होती है या शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है। ऐसे मरीजों में नियमित फिजियोथेरेपी से धीरे-धीरे शरीर की ताकत, चलने की क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसी तरह हृदय रोग से जूझ रहे मरीजों को उनकी स्थिति के अनुसार नियंत्रित और सुरक्षित व्यायाम करवाकर उनकी शारीरिक क्षमता और सहनशक्ति बेहतर करने का प्रयास किया जाता है।

## ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मी से झूमाझटकी गाड़ी में डालकर ले जाने की कोशिश, पिता-पुत्रों समेत 4 गिरफ्तार

इन्दौर। सांवेर थाना क्षेत्र में रेस्ट हाउस तिराहे पर ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी के साथ सरेराह अभद्रता, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। बेखौफ आरोपियों ने न केवल पुलिस जवान के साथ गाली-गलौच और झूमाझटकी की, बल्कि उसे जबरन अपनी गाड़ी में खींचकर ले जाने का दुस्साहस भी किया। घटना के बाद हरकत में आई सांवेर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए केस दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, यह पूरी घटना रेस्ट हाउस तिराहा, सांवेर की है। थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी फरियादी अशोक पिता विक्रम सिंह चंद्रवंशी रेस्ट हाउस तिराहे पर शासकीय ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान वहां पहुंचे आरोपियों ने पुलिसकर्मी अशोक से अकारण विवाद करना शुरू कर दिया और ड्यूटी में व्यवधान डाला। बात बढ़ने पर आरोपियों ने सरेराह पुलिस जवान के साथ गालियां देना शुरू कर दिया। जब आरक्षक अशोक ने गाली-गलौज का कड़ा विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ हाथापाई और झूमाझटकी शुरू कर दी। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने पुलिसकर्मी को जबरदस्ती खींचकर अपनी निजी गाड़ी में बैठाने और अपहरण कर ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने जवान को जान से मारने की धमकियां भी दीं। पीड़ित जवान ने जैसे-तैसे खुद को बचाया और तुरंत घटना की जानकारी सांवेर थाने पर दी। फरियादी अशोक चंद्रवंशी की लिखित शिकायत पर सांवेर थाना पुलिस ने आरोपी संदीप चंगेड़िया, उसके दो बेटों ऋषभ चंगेड़िया व आयुष चंगेड़िया तीनों निवासी सांवेर तथा साथी सुभाष पटेल निवासी ग्राम कायस्थखेड़ी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## चोरों का धावा, ताला तोड़कर लैपटॉप, स्कूटी और नकदी ले उड़े

इंदौर। कनाड़िया थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। शातिर चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखा महंगा लेनोवो कंपनी का लैपटॉप, सुजुकी कंपनी की स्कूटी और नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित की शिकायत पर कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी कौशल पिता राजेंद्र कुमार पांडेय निवासी वैभव नगर एक्सटेंशन ने थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात बदमाशों ने उनके मकान को निशाना बनाते हुए मुख्य द्वार का ताला तोड़ा और घर के अंदर घुस गए। घर में घुसकर चोरों ने कमरों और अलमारी की तलाशी ली और वहां रखे लेनोवो कंपनी के लैपटॉप सहित सुजुकी कंपनी की स्कूटी क्रमांक एमपी 09 डीझेड 9727 तथा अलमारी में रखी नकदी राशि चुरा ली। चोरी गए सामान और वाहन को लेकर आरोपी मौके से फरार हो गए। जब पीड़ित अपने घर पहुंचे, तो टूटा हुआ ताला और बिखरा सामान देखकर उन्हें चोरी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। कनाड़िया थाना पुलिस ने फरियादी कौशल पांडेय की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी और नकबजनी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

## बड़ों और बच्चों ने किया पौधारोपण

धार सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि। आज जहाँ बच्चों के जन्मदिन पर हजारों रुपये खर्च कर आयोजन करने का चलन बढ़ता जा रहा है। वही धार निवासी शर्मा परिवार ने बेटी के जन्मदिवस को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणादायी मुहिम से जोड़कर समाज के सामने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। बेटी वैदेही शर्मा के माता-




पिता ने बेटी के 11 वे जन्मदिन पर 100 पौधों के रोपण से एक नई पहल शुरू की साथ ही हर वर्ष अपनी दोनों बेटियों के जन्मदिन पर प्रकृति को सहेजने का प्रण लेते हुए हर वर्ष पौधे लगाने का संकल्प लिया। शासकीय स्कूल और निजी स्कूल में पहुंचकर पौधारोपण किया। घनिष्ट अग्रवाल, रेणु अग्रवाल एवं प्रिंसिपल सोनल अग्रवाल, संदीप शर्मा, राधिका शर्मा, महेंद्रसिंह राठौर, भरतराज राठौर, किरण गौतम नरेश मांगोदिया, दिनेश बोड़ाने, प्रीति मुकाती,अंजली मुदगल, सोनम सिंघई मौजूद रहे।

## आलम का रायपुर में सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मंडपम हॉल में आयोजित समारोह में मार्शल आर्ट्स एवं



सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षक मास्टर सईद आलम को योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंत्री प्रभात मिश्रा, आनन्द निशाद, पीवाय अतर मौजूद थे।

# रेलवे पटरी के पास दबिश, अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

*हुक्माखेड़ी मल्टी में झाड़ियों के पीछे छुपा रखी थी शराब*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से झाड़ियों में छुपाकर रखी गई 6 पेटी अवैध देशी शराब बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी क्षेत्र का ही रहने वाला है, जो रेलवे पटरी के पास सुनसान इलाके का फायदा उठाकर अवैध शराब का ठिकाना बनाए हुए था। पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, पुलिस टीम को मुखबिर से इनपुट मिला था कि हुक्माखेड़ी मल्टी के पास रेलवे ट्रैक से सटी झाड़ियों में अवैध रूप से शराब छुपाकर रखी गई है और एक व्यक्ति वहां से इसकी सप्लाई करने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हुक्माखेड़ी लाल मल्टी और रेलवे पटरी के आसपास के क्षेत्र में घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर मौजूद संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने चारों तरफ से घेरकर हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम अजय उर्फ अज्जू निवासी हुक्माखेड़ी लाल मल्टी बताया। जब पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर रेलवे पटरी के पास झाड़ियों की तलाशी ली, तो वहां छुपाकर रखी गई 6 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। जब्त की गई शराब की कुल अनुमानित कीमत लगभग 22,800 रुपये आंकी गई है।

## भगवान धारनाथ का छबिना नगर भ्रमण पर निकला

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)। इस वर्ष भी धार में भगवान धारनाथ का छबिना नगर भ्रमण पर शाही सवारी के रूप में सज्जित पालकी में निकला तो श्रद्धालुओं ने भी अपने बाबा और बाबा के साथ आए श्रद्धालुओं का स्वागत किया। जगह-जगह धारनाथ बाबा की पूजा की गई। बाबा ने धारेश्वर मंदिर से धार शहर में निकलकर प्रजा का हाल-चाल जाना, शहरवासियों की आस्था का केंद्र भगवान धारनाथ का छबिना सोमवार को निकाला गया। गाजे-बाजे और शाही ठाठ-बाट के साथ धारेश्वर मंदिर से माझी समाज के युवा भगवान धारनाथ को सुसज्जित पालकी मे कंधे पर उठाकर निकले। पालकी के आगे-आगे श्रद्धालुओं की लंबी कतारें और हाथ मे झाडु लिए लोग सड़कों को बुहार रहे



थे।झांज-मंजीरे बजाते हुए युवाओं की दर्जनों टोलियों ने माहौल धर्ममय कर दिया। बोल बम और भगवान शिव के जयकारों के साथ बाबा धारनाथ का छबीना शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरा, लोगों ने आराध्य भगवान शिव का पूजन व आरती उतारी छबिने की शुरूआत शाम 4 बजे धारेश्वर महादेव मंदिर से हुई इस दिन का इंतजार धार नगर ही नहीं बल्कि जिले की जनता को भी रहता है क्योंकि इस दिन प्रजा का हाल जानने निकलते धार के राजा धारनाथ नगर भृमण के लिए निकलते हैं। हर घर से महिलाएं बाबा धारनाथ की आरती उतारती नजर आई और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना के साथ रास्ते भर श्रद्धालु बाबा के दर्शन को आतुर दिखाई दिए। धारनाथ की शाही सवारी में 25 से अधिक झांकियां का कारवां निकला। 7 से अधिक डमरू वादन दल और अखाड़े भी शामिल हुए हैं। प्रशासन व पुलिस की तैयारियां के सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही धर्म स्थान रक्षक मंडल के तत्वाधान में यह शाही सवारी निकली। 450 से अधिक पुलिसकर्मी के अलावा प्रशासनिक अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# फर्जी सिम एक्टिवेट कर साइबर ठगी कराने वाला सिम विक्रेता गिरफ्तार

इंदौर। शहर में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और फर्जी सिम कार्ड गिरोहों का पर्दाफाश क्ररने में क्राइम ब्रांच इंदौर ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों का दुरुपयोग कर बिना ग्राहकों की सहमति के सिम एक्टिवेट करने और उन्हें साइबर ठगों को उपलब्ध कराने वाले एक शातिर सिम विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा चालू की गई फर्जी सिम के जरिए उत्तर प्रदेश में 16.60 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार के इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर आई-4सी तथा राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल से संदिग्ध सिम यूजर और फर्जी तरीके से सिम चालू करने वाले पीओएस एजेंटों की एक सूची प्राप्त हुई थी। सूची के सत्यापन और तकनीकी जांच के दौरान इंदौर के दुधिया क्षेत्र स्थित 'धर्मेंद्र मोबाइल

**दुधिया की मोबाइल दुकान से एक्टिवेट फर्जी सिम से 16.60 लाख की साइबर ठगी का खुलासा**

शॉप' के संचालक पीओएस एजेंट धर्मेंद्र अहिरवार की भूमिका संदिग्ध पाई गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने जब आरोपी धर्मेंद्र अहिरवार द्वारा बेची गई संदिग्ध सिमों का डेटा खंगाला और एनसीआरपी पोर्टल पर



मौजूद साइबर शिकायतों से मिलान किया, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि आरोपी द्वारा एक्टिवेट की गई एक संदिग्ध सिम के खिलाफ उत्तर प्रदेश में साइबर फ्रॉड की 2 अलग-अलग शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें ठगों ने पीड़ितों से कुल 16,60,991 रुपये की बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी की थी। आरोपी धर्मेंद्र ग्राहकों से प्राप्त दस्तावेजों का अनुचित लाभ उठाकर उनके नाम पर कई अन्य फर्जी सिम भी चालू कर चुका था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कई अन्य सिम कार्ड भी इसी तरह फर्जी तरीके से एक्टिवेट कर साइबर अपराधियों तक पहुंचाए थे, जिनका इस्तेमाल देश के अलग-अलग हिस्सों में ऑनलाइन ठगी के लिए किया गया। क्राइम ब्रांच इंदौर ने आरोपी धर्मेंद्र अहिरवार पिता रोडेलाल अहिरवार, निवासी हाल शिवकंड नगर बाणगंगा इंदौर, स्थायी निवासी ग्राम मोतीपुर जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर फर्जी सिम नेटवर्क और बैंक खातों से जुड़े अन्य नेटवर्क की विस्तृत जांच की जा रही है।



## राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के पहले दिन

# मप्र की अनिका ने जीता कांस्य पदक

**इंदौर।** इंदौर में आयोजित 43वीं सबजूनियर एवं 52वीं जूनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप-2026 के पहले दिन डाइविंग स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन आईडीए इंटरनेशनल स्विमिंग पूल, इंदौर में किया जा रहा है।

विधायक मालिनी गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस राष्ट्रीय स्पर्धा के पहले दिन आयोजित डाइविंग मुकाबलों में बालिका वर्ग के जी ग्रुप -2 प्लेटफार्म स्पर्धा में मध्यप्रदेश की अनिका आनंद चौरसिया ने 152.15 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की मानसविनी शशिकांत सावंत प्रथम तथा महाराष्ट्र की कनक अशोक शंकु द्वितीय स्थान पर रहीं।

बालक जी-1 और 2 प्लेटफार्म सिंक्रो में एसएससीबी के सुप्रदीप साहा ‡ रिसव दास ने 222.81 के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया । दूसरा स्थान महाराष्ट्र के स्वराज राजेंद्र लाड ‡ संकेत श्रीशैल लिगाड ने तथा तीसरा स्थान मणिपुर के शैखोम कोरौंगनबा मंगांग ‡ हिरोम बॉन्सन सिंह ने प्राप्त किया ।

बालक जी-3 प्लेटफार्म इवेंट में महाराष्ट्र के संभव सुरेश चेरचर 233.80 अंकों के साथ प्रथम रहे । वहीं महाराष्ट्र के ही शौर्य संदीप पाटिल दूसरे और मणिपुर के चाकप्रम तोमथिन सिंह तीसरे स्थान पर रहे ।

बालिका वर्ग के जी-2 प्लेटफार्म इवेंट में महाराष्ट्र की मानसविनी शशिकांत सावंत ने 162.55 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया । दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र की ही कनक अशोक शंकु व तीसरे स्थान पर म.प्र. की अनिका आनंद चौरसिया रही ।

बालक जी-2 3एम स्प्रिंग बोर्ड इवेंट में मणिपुर के अरुबाम बेन्हार ने 358.55 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया । वहीं मणिपुर के ही हिरोम बॉन्सन सिंह दूसरे व बंगाल के रुद्रनिल प्रधान तृतीय रहे । प्रतियोगिता के पहले दिन वॉटरपोलो के लीग मुकाबले भी खेले गए, जिसमें विभिन्न राज्यों की टीमों ने भाग लिया।

इस अवसर पर एकलव्य सिंह गौड़, मध्यप्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पियूष शर्मा, सचिव जय वर्मा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौर, लोकेन्द्र सिंह राठौर, अखिलेश पाठक, गौरव द्विवेदी, सागर टोंडे, योगेश वाजपेयी, मनीष एवं मोहित इमोलिया सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में देशभर से आए तैराक एवं डाइविंग खिलाड़ी अगले चार दिनों तक विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## शुभमन ने जमकर उड़ाए चौके-छक्के, अभिषेक ने जल्द लिया बदला

**नई दिल्ली।** शेर ए पंजाब टी-20 लीग में भारतीय क्रिकेट के दो जिगरी दोस्त और दिग्गज बल्लेबाज शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा आपस में टकराते नजर आए। बचपन से एक साथ क्रिकेट सीखकर वर्ल्ड क्रिकेट पर छा जाने वाले इन दोनों सितारों का मोहाली में आमना-सामना हुआ। भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल जहां फाजिल्का फाल्कन्स की कमान संभाल रहे थे वहीं आईसीसी रैंकिंग में तीसरे नंबर के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अमृतसर सूरमास की तरफ से मैदान में उतरे। इस हाईवोल्टेज मुकाबले में फाजिल्का फाल्कन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 191 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए महज 35 गेंदों पर 8 चौकों और 3 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 67 रनों की आतिशी पारी खेली। हालांकि, पारी का 10वां ओवर काफी रोमांचक रहा जब अभिषेक शर्मा गेंदबाजी करने आए। शुभमन गिल ने पहली गेंद पर सीधा छक्का, तीसरी पर चौका और पांचवीं गेंद पर फिर से छक्का जड़ा, लेकिन आखिरी गेंद पर बड़े शॉट के चक्कर में नमन धीर को कैच दे बैठे और अभिषेक ने गिल का विकेट लेकर बाजी मार ली।

## एसजीएफआई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**इंदौर।** न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में आयोजित एसजीएफआई जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किए। अंडर-14 बालिका वर्ग की 600 मीटर दौड़ में ओजस्वी अग्रवाल ने प्रथम स्थान तथा पूर्वी नीमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 400 मीटर दौड़ में आरोही वाधवानी ने प्रथम स्थान और मिष्टी दुबे ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-17 बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में प्रीतीश जामोद ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के सभी विजेता खिलाड़ी आगामी संभाग स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं।

इस उपलब्धि पर सभी विजेता खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षक प्रभजोती मेहरा को विद्यालय की चेयरपर्सन सिंधु सुधाकर मेंडके, प्राचार्य विस्टन गोमेज, प्रबंधक डीएम ठोकर ने शुभकामनाएँ दीं।

## एशियन गेम्स में कुश्ती का तकनीकी विश्लेषण करेंगे इंदौर के कृपाशंकर पटेल



**इंदौर।** प्रख्यात भारतीय पहलवान, कुश्ती कोच एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता कृपाशंकर पटेल बिश्नोई को एशियन गेम्स 2026 की कुश्ती स्पर्धाओं के लिए प्रसारणकर्ता ने अपने विशेष विशेषज्ञ कमेंट्री एवं गेम एनालिसिस पैनल में शामिल किया है। एशियन गेम्स के दौरान वे अपने अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता के माध्यम से दर्शकों को कुश्ती मुकाबलों की बारीकियों, रणनीतियों और खिलाड़ियों के प्रदर्शन का लाइव विश्लेषण प्रस्तुत करेंगे।

2026 एशियाई खेलों की कुश्ती स्पर्धाएं 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक नागोया सिटी इनई स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित होंगी। इस दौरान कृपाशंकर पटेल बिश्नोई प्रसारणकर्ता के फ्लैगशिप स्टूडियो शो स्पोर्ट्स एक्स्ट्रा में विशेषज्ञ के रूप में नजर आएंगे। वे मुकाबलों के दौरान पहलवानों की तकनीक, रणनीति, दांव-पेंच, ताकत और कमजोरियों का विश्लेषण करते हुए दर्शकों को खेल की गहरी समझ प्रदान करेंगे। कुश्ती की तकनीकी बारीकियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुकाबलों के लंबे अनुभव के कारण कृपाशंकर की विशेषज्ञ राय भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन को समझने में दर्शकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगी।

# 'गतका फरी' और 'दो हाथ की बनेठी' का प्रदर्शन कर सकेंगे अखाड़े

**इंदौर।** 25 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी का चल समारोह परंपरागत रूप से आयोजित होगा। समारोह में नयनाभिराम झांकियां निकलेंगी, वहीं शस्त्र कलाओं का प्रदर्शन करते हुए अखाडे भी निकलेंगे। जिला प्रशासन द्वारा सर्वश्रेष्ठ झांकियों और अखाड़ों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। जिला प्रशासन के निर्णायक मंच के समक्ष प्रदर्शन के लिए इस बार दो शस्त्र कला विधाओं का चयन किया गया है।

इस मंच के समक्ष अखाड़ों के कलाकार गतका फरी और दो हाथ की बनेठी कला का प्रदर्शन कर सकते हैं। शस्त्र कला का निर्धारण संभागीय



जनसंपर्क कार्यालय इंदौर में संपन्न हुई जिला प्रशासन अखाड़ा निर्णायक समिति की बैठक में किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शस्त्र कला के उक्त दोनों वर्गों में महिला अखाड़ों को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। प्रत्येक खेल के लिये तीन-तीन मिनट का समय प्रत्येक अखाड़े को दिया जाएगा। अखाड़ों को समय और अनुशासन का पालन करना होगा।

# तेंदुलकर ने लोनावला में की बड़ी डील 70 करोड़ रुपए बताई जा रही कीमत



**मुंबई।** क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने लोनावला में करीब 3.86 एकड़ जमीन खरीदी है। बताया जा रहा है कि इस पूरी डील की कीमत करीब 70 करोड़ रुपये है। तीन अलग-अलग कन्वेयंस डीड के जरिए यह डील 4 सितंबर को हुई है। इसमें कई जमीन के टुकड़ों के साथ करीब 2,100 वर्ग फीट का मौजूदा निर्मित ढांचा भी शामिल है। लोनावला के मावल तालुका में स्थित इन संपत्तियों का कुल एरिया करीब 15,601.78 स्क्वायर मीटर है।

रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों के अनुसार, सबसे बड़ी 3.09 एकड़ जमीन के लिए सचिन तेंदुलकर ने करीब 63.69 करोड़ रुपये चुकाए हैं। दूसरी संपत्ति के लिए करीब 4.56 करोड़ रुपये और तीसरी संपत्ति के लिए 1.75 करोड़ रुपये दिए हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार 3.09 एकड़ वाली जमीन में तेंदुलकर के पास 100 फीसदी मालिकाना हक है। वहीं, बाकी दो संपत्तियों में उन्होंने 50 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है। ये तीनों प्रोपर्टिज नंदन धनंजय मेहता और विवस्वत धनंजय मेहता से खरीदी गई हैं। हालांकि अभी तक इस मामले में सचिन या फिर बेचने वाले की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# पाकिस्तानी फैंस की बेशर्मी, मप्र की खिलाड़ी पर उठाए सवाल

## मैच के दौरान का कमेंट करते हुए विडियो वायरल

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के खेल में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा से हाईवोल्टेज रहा है लेकिन एशिया कप के हालिया मैच का एक नया विवाद मैदान की सीमाओं को लांघ गया। भारत की शानदार जीत के बाद अचानक सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने लगा जिसने मैच से ज्यादा फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। इस वीडियो में दर्शक दीर्घा से भारतीय खिलाड़ी क्रांति गौड़ पर निजी और लैंगिक टिप्पणियां की जा रही थीं।

स्टेडियम में महिला एथलीटों के लुक्स और जेंडर को लेकर सवाल उठाना एक पुरानी मानसिक बीमारी का



हिस्सा रहा है। वायरल क्लिप में साफ सुना जा सकता है कि कुछ दर्शक क्रांति गौड़ के शारीरिक बनावट का मजाक उड़ाते हुए ये महिला नहीं, आदमी खेल रहा है जैसे घटिया तंज कस रहे थे। एक एथलीट के सालों के संघर्ष और उसकी प्रतिभा को उसके जेंडर के तराजू में तोलना न सिर्फ शर्मनाक है बल्कि यह सीधे तौर पर किसी खिलाड़ी के आत्मसम्मान पर हमला है।

**स्टेडियम में हुई शर्मनाक घटना**–इस घटना के सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फैंस और क्रिकेट प्रेमियों का गुस्सा फूट पड़ा। खेल प्रेमियों ने साफ शब्दों में कहा कि खेल का मतलब यह कतई नहीं है कि किसी खिलाड़ी की गरिमा को ठेस पहुंचाई जाए। फैंस का कहना था कि स्टेडियम में आकर सपोर्ट करना ठीक है लेकिन किसी एथलीट की जेंडर पहचान पर कीचड़ उछालना खेल भावना का सरासर अपमान है। इस विवाद ने एक बार फिर साबित कर दिया कि महिला खिलाड़ियों को अब भी मैदान के अंदर और बाहर संघर्ष करना पड़ता है।

# जिला कोर्ट परिसर से जमानत खारिज होते ही चकमा देकर भागा बदमाश

*आर्म्स एक्ट के मामले में समर्पण करने पहुंचा था आरोपी, जेल वारंट बनते ही न्यायिक अभिरक्षा से हुआ फरार*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

एमजी रोड थाना क्षेत्र में इंदौर जिला न्यायालय परिसर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा को ठेंगा दिखाने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। आर्म्स एक्ट के प्रकरण में कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने पहुंचे एक बदमाश ने जमानत याचिका खारिज होने के बाद पुलिस को चकमा दे दिया। जैसे ही अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए और वारंट तैयार हुआ, आरोपी मौका पाकर न्यायिक अभिरक्षा से भाग निकला। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और एमजी रोड थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक और नया केस दर्ज कर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

एमजी रोड पुलिस के अनुसार, मामला जिला कोर्ट के कोर्ट नंबर 43/01 का है। आरोपी सन्नी पिता दीपक शिंदे निवासी के.ई.एच. कंपाउंड,के खिलाफ संयोगितागंज थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण अपराध क्रमांक 148/2026, न्यायालयीन प्रकरण आरसीटी क्रमांक 2705/2026 दर्ज था। इसी मामले में आरोपी सन्नी ने 12 अगस्त को कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण किया था, जिसके बाद उसे तुरंत न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया गया था। समर्पण के बाद अभियुक्त की ओर से न्यायालय में जमानत आवेदन प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी और उसे सेंट्रल जेल भेजे जाने हेतु जेल वारंट तैयार करने के आदेश जारी किए। जेल भेजने की कागजी प्रक्रिया चल ही रही थी कि आरोपी सन्नी ने अभिरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता को चकमा दिया और कोर्ट परिसर से रफूचक्कर हो गया। काफी देर तक जब आरोपी की खोजबीन की गई और वह नहीं मिला, तो पुलिस अधिकारियों को उसके फरार होने की जानकारी दी गई। एमजी रोड थाना पुलिस ने न्यायालयीन आदेश व रिपोर्ट के आधार पर आरोपी सन्नी शिंदे के खिलाफ कस्टडी से भागने की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस की विशेष टीमें आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# प्लाट दिलाने के नाम पर सवा आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**एडलवाइस के संचालकों पर केस दर्ज, फर्जी तरीके से डीडी जमा कराने का आरोप**

विजय नगर थाना क्षेत्र के शगुन टावर स्थित एक फाइनेंस कंपनी के संचालकों द्वारा प्लाट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए उनकी लाखों रुपये की डीडी अपने पास जमा रख ली है और उसे फर्जी तरीके से क्लियर करवाकर रकम हड़पने की फिराक में हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कंपनी के संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी विवेक पिता हिम्मतलाल काकरेचा निवासी स्कीम नंबर 74 ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि विजय नगर स्थित शगुन टावर के ऑफिस नंबर 113 में संचालित एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के संचालक महेंद्र सिंह, संतोष राजपूत और आदित्य कुमार ने उनके साथ प्लाट दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी की है। फरियादी के अनुसार, आरोपियों ने धोखाधड़ी करते हुए फर्जी तरीके से उनकी 5,25,000 रुपये और 3,00,000 रुपये की दो डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) अपने पास रख ली हैं। फरियादी ने आशंका जताई है कि आरोपियों द्वारा जमा कराई गई इन डीडी के जरिए कुल 8,25,000 रुपये बैंक से क्लियर करवाकर फरार होने की साजिश रची जा रही है। पीड़ित को जब धोखाधड़ी का अहसास हुआ तो उन्होंने तुरंत विजय नगर थाने में गुहार लगाई। विजय नगर थाना पुलिस ने फरियादी विवेक काकरेचा की रिपोर्ट पर आरोपी महेंद्र सिंह, संतोष राजपूत और आदित्य कुमार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# 2 दर्जन से अधिक अपराधों में शामिल कुख्यात बदमाश पकड़ाया

*जिलाबदर का आदेश तोड़कर पहचान छिपाकर पहुंचा था शहर*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**



चंदन नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला बदर की अवधि का उल्लंघन कर अवैध रूप से इंदौर की सीमा में घुसे शातिर व कुख्यात बदमाश को दबोच लिया है। आरोपी अपनी पहचान छिपाकर किसी गंभीर अपराध की नीयत से क्षेत्र में घूम रहा था। पकड़ा गया बदमाश पूर्व से ही हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे दो दर्जन से अधिक संगीन अपराधों में संलिप्त रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि क्षेत्र का सूचीबद्ध और कुख्यात जिलाबदर बदमाश सादिक उर्फ लाला अपनी पहचान छिपाकर नूरी मस्जिद के पास घूम रहा है और किसी नई वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही चंदन नगर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान की घेराबंदी की और संदिग्ध को धर दबोचा। पुलिस द्वारा नाम-पता पूछने पर उसने अपनी पहचान सादिक उर्फ लाला पिता गुलफाम निवासी सहयोग नगर के रूप में बताई। जांच में सामने आया कि आरोपी सादिक के खिलाफ पुलिस आयुक्त द्वारा निष्कासन आदेश 18 जुलाई 2026 को पारित किया गया था। इस आदेश के तहत आरोपी को एक वर्ष की अवधि के लिए इंदौर जिला सहित उसके सीमावर्ती जिलों उज्जैन, देवास, धार और खरगोन की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आरोपी चोरी-छिपे इंदौर सीमा में प्रवेश कर नियम का उल्लंघन कर रहा था। निष्कासन आदेश का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर चंदन नगर थाना पुलिस ने आरोपी सादिक उर्फ लाला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।





# ट्रैकिंग पर निकले कजीन भाई-बहन की लोधिया कुण्ड में डूबने से मौत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सिमरोल थाना क्षेत्र के प्राकृतिक स्थल लोधिया कुण्ड में कल दोपहर गहरे पानी में डूबने से कजीन भाई-बहन की मौत हो गई। दोनों इन्दौर से चार दोस्तों के साथ ट्रैकिंग पर निकले थे। इसी दौरान वे लोधिया कुण्ड तक पहुंच गए जहां पैर फिसलने से हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अजीतसिंह पिता भूपेन्द्र चौहान निवासी गौरीनगर और उनकी कजीन बहन अंजलि पिता देवीसिंह चौहान निवासी वीणा नगर की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों गहरे पानी में उतर गए थे जिसके कारण साथी उन्हें बचा नहीं पाए। घटना की जानकारी साथियों ने ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने आकर उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन जब उन्हें बाहर निकाला तब तक उनकी सांसे थम चुकी थी। सिमरोल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद कुछ लोगों का कहना है कि सभी लोग पानी में नहा रहे थे, वहीं कुछ कह रहे थे कि पैर फिसलने से हादसा हुआ है।

# लेनदेन का हिसाब करने गए छात्र पर हमला चाचा-भतीजों ने मिलकर पीटा, पत्थर मारा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

**भंवरकुआं थाना क्षेत्र के गुरमीत नगर स्थित एक हॉस्टल के बाहर लेनदेन के पुराने हिसाब-किताब को लेकर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। रुपये-पैसे की बात करने पहुंचे एक छात्र के साथ तीन आरोपियों और उनके साथियों ने मिलकर लात-घूंसे से जमकर मारपीट की। इस दौरान एक आरोपी ने भारी पत्थर उठाकर छात्र के हाथ पर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के अनुसार, फरियादी बलराज जाट पिता दशरथ जाट निवासी बड़नगर, जिला उज्जैन हाल मुकाम शिवमपुरी, उज्जवल हॉस्टल ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि वह अपने पुराने पैसों के लेनदेन का हिसाब-किताब करने के लिए गुरमीत नगर स्थित प्राइम स्टे हॉस्टल के पास गया हुआ था। जब बलराज वहां मौजूद राहुल पांडे से पैसों के लेनदेन की बात कर रहा था, तभी इसी बात को लेकर राहुल पांडे और उसका साथी चिराग पांडे दोनों निवासी बैराठी कॉलोनी उग्र हो गए और फरियादी को गालियां देने लगे। जब बलराज ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी राहुल और चिराग ने अपने चाचा कृपाशंकर पांडे और अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर बलराज को घेर लिया और हाथ-मुक्कों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। विवाद के दौरान ही आरोपी कृपाशंकर पांडे ने पास पड़ा एक भारी पत्थर उठाया और बलराज के बाएं हाथ पर दे मारा, जिससे उसका हाथ गंभीर रूप से चोटिल हो गया और काफी चोट आई। मारपीट के बाद आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित छात्र भंवरकुआं थाने पहुंचा और अपनी आपबीती सुनाई।

# गोदाम से 300 किलो विस्फोटक चोरी

**इंदौर।** बड़गोंदा और हातोद क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं। पहली घटना बड़गोंदा के ग्राम सीतापाट की है, जहां फरियादी सूरज पाटीदार के गोदाम में घुसे अज्ञात बदमाश 35 हजार रुपये कीमत की विस्फोटक सामग्री चुरा ले गए। चोरों ने गोदाम से 300 किलो नाइट्रेड मिक्सर और 375 मीटर डेटोनेटिंग फ्यूज पर हाथ साफ किया। वहीं दूसरी घटना हातोद के सतलाना-काकड़ई क्षेत्र की है, जहां बदमाशों ने 11 केवी लाइन के 9 बिजली पोलों को क्षतिग्रस्त कर सैकड़ों मीटर एल्युमिनियम तार काट लिए। विद्युत कर्मी महेंद्र जाटव की शिकायत पर हातोद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दोनों ही मामलों में पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।